माघ कृष्ण - 11 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 191 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » मंगलवार » 06-02-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित

5 इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ युवा खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन पर गर्व : रोहित शर्मा

6 हेमंत की गिरतारी पर राजनीतिक बवंडर का सच

7 पूनम पांडे हो गईं परेशान, कहा- मुझे मार डालो, मुझे सूली पर चढ़ा दो...

फर्स्ट टेक

सैमसंग के प्रमुख ली जे योंग वित्तीय अपराधों से बरी

सियोल/एपी। दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने शेयर मूल्यों में हेरफेर करने और 2015 में सैमसंग की दो सहायक कंपनियों के विवादास्पद विलय के संबंध में धोखाधड़ी के आरोपी सैमसंग इलेक्ट्रोनिक्स के चेयरमैन ली जे योंग को बरी कर दिया है। योंग पर दक्षिण कोरिया की सबसे बड़ी कंपनी पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए विलय कराने का आरोप था। 'सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट' के सोमवार को जारी इस फैसले से सैमसंग के शीर्ष पदाधिकारी की कानूनी मुश्किलें कम हो सकती हैं। योंग को भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व राष्ट्रपति को रिश्वत देने का दोषी पाया गया था लेकिन सजा को माफ कर दिया गया था।

पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में पुलिस थाने पर हमले में 10 पुलिसकर्मियों की मौत

पेशावर (पाकिस्तान)/भाषा। पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले सोमवार को पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में एक पुलिस थाने पर भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के हमले में कम से कम 10 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। डेरा इस्माइल खान के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में दरबान तहसील के चोडवान पुलिस थाने में हुआ। अभी तक किसी भी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। जिला पुलिस अधिकारी नासिर महमूद ने कहा, भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में हमने अपने 10 जवानों को खो दिया, जबकि छह अन्य घायल हो गए।

लेबनान-इज़राइल सीमा पर टकराव

बेरूत/वार्ता/शिन्हुआ। लेबनान के दक्षिणपूर्वी गांव अल-तैयबे में नागरिक इमारतों पर इजरायली हवाई हमले के परिणामस्वरूप पिछले 24 घंटों में दो हिजबुल्लाह लड़ाके मारे गए और दो नागरिक घायल हो गए। लेबनानी सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

सूर्यास्त 06-02-2024 6:11 बजे	सूर्योदय 07-02-2024 6:34 बजे
BSE 71,731.42 (-354.21)	NSE 21,771.70 (-82.10)
सोना 6,522 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम	चांदी 78,000 रु. प्रति किलो

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com

कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

बजट बहीखाता

धन की गति होती है चंचल,
हरदम रहता आता जाता।
लक्ष्मी ही होती नारायणी,
जन-जन का जिससे है नाता।
जो भी आते हैं बजट सदा,
उनका ना गणित समझ आता।
कहता विपक्ष जिसको खराब,
सत्ताधारी बस गुण गाता।।

एक परिवार का पार्टी चलाना लोकतंत्र के लिए खतरा : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए विपक्ष पर किया प्रहार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर 'परिवारवाद की राजनीति' करने का आरोप दोहराते हुए सोमवार को कहा कि एक परिवार की कई पीढ़ियों के सदस्य यदि योग्यता से राजनीति में आते हैं तो वह उसे परिवारवाद नहीं मानते बल्कि एक ही परिवार द्वारा पार्टी चलाने को गलत मानते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस को एक परिवार के आगे कुछ नहीं दिखाई देता और इससे उसने खुद का, विपक्ष का, देश का और संसद का बड़ा नुकसान कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि देश को अच्छे, स्वस्थ विपक्ष की बहुत जरूरत है, लेकिन कांग्रेस ने दस साल के बाद भी स्वस्थ विपक्ष बनने का प्रयास नहीं किया।

मोदी ने सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी का नाम लेते हुए कहा, ''देश ने जितना परिवारवाद का खामियाजा उठाया है, उसका खामियाजा कांग्रेस ने भी उठाया है। अधीर बाबू की हालत देख रहे हैं। (मल्लिकार्जुन) खरगे इस सदन से उस सदन में चले गए। गुलाम नबी आजाद तो पार्टी से ही चले गए। ऐसे कई नेता परिवारवाद की भेंट चढ़ गए।'' उन्होंने किसी का नाम लिये बिना कहा, ''एक ही उत्पाद को बार-बार लांच करने के चक्कर में कांग्रेस की दुकान में ताला लगने की नौबत आ गई।''

मोदी ने परिवारवाद को लेकर भाजपा के बयानों पर आने वाली प्रतिक्रियाओं का जवाब देते हुए कहा, ''आज मैं परिवारवाद का मतलब समझा देता हूं। अगर किसी परिवार के एक से अधिक लोग जन समर्थन से अपने बलबूते राजनीतिक क्षेत्र में प्रगति करते हैं तो उसे हमने कभी परिवारवाद नहीं कहा।''

अगले चुनाव के बाद दर्शक दीर्घा में बैठेगी कांग्रेस : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली/भाषा। अगले चुनाव के बाद कांग्रेस के दर्शक दीर्घा तक सिमटने का दावा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में आरोप लगाया कि वह विपक्ष के रूप में अपना दायित्व निभाने में बुरी तरह विफल रही एवं उसने दूसरे विपक्षी दलों को उभरने का मौका नहीं दिया। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कहा कि आज विपक्ष की जो हालत है उसकी सबसे ज्यादा दोषी कांग्रेस है। प्रधानमंत्री ने कहा, मै विशेष रूप से विपक्ष के संकल्प की सराहना करता हूं, उन्होंने लंबे अर्से तक वहां (विपक्ष दीर्घा) में बैठने का संकल्प ले लिया है। आप कई तक दशक तक जैसे यहां (सत्ता पक्ष की ओर) बैठे थे, वैसे ही कई दशक तक आपके वहां बैठने के संकल्प को जनता जरूर आशीर्वाद देगी। उन्होंने कहा, आप जिस ऊंचाई पर हैं, उससे अधिक ऊंचाई पर पहुंचेंगे। अगले चुनाव के बाद आप दर्शक दीर्घा में बैठेंगे। मोदी ने किसी का नाम लिए बिना कहा, विपक्ष में कई युवा सांसद हैं जिनमें उत्साह और उमंग है लेकिन उनकी छवि से किसी और की छवि न दब जाए, इसलिए उन्हें बोलने नहीं दिया जाता। एक ही उत्पाद को बार बार लांच करने के चक्कर में कांग्रेस की दुकान में ताला लग गया है।

झारखंड में झामुमो गठबंधन की सरकार ने विश्वास मत हासिल किया

रांची/भाषा। झारखंड में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन सरकार ने सोमवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा में 47 विधायकों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया जबकि 29 विधायकों ने इसके खिलाफ मतदान किया। निर्दलीय विधायक सरयू रॉय ने मतदान प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया। विधानसभा में मतदान के दौरान 77 विधायक उपस्थित रहे।

झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सत्तारूढ़ गठबंधन को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (लिबरेशन) के इकलौते विधायक ने बाहर से समर्थन दिया।

'अभ्यास' यान का हुआ सफल परीक्षण

नई दिल्ली/एजेन्सी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा की चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट (हीट) - अभ्यास यान के चार सफल उड़ान परीक्षण किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि ये परीक्षण 30 जनवरी से दो फरवरी के बीच किये गये। ये परीक्षण चार अलग-अलग मिशन उद्देश्यों जैसे बूस्टर की सुरक्षित रिहाई, लॉन्चर क्लीयरेंस और लॉन्च वेग की गति के संबंध में किये गये। उड़ान परीक्षणों के दौरान आवश्यक सहनशक्ति, गति, गतिशीलता, ऊंचाई और सीमा जैसे विभिन्न मापदंडों को सफलतापूर्वक प्रमाणित किया गया। डीआरडीओ के वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई) द्वारा डिजाइन किया गया, अभ्यास हथियार प्रणालियों के अभ्यास के लिए एक यथार्थवादी खतरे का परिदृश्य प्रदान करता है।

चंडीगढ़ महापौर चुनावः उच्चतम न्यायालय ने कहा

लोकतंत्र की हत्या की गई, निर्वाचन अधिकारी पर मुकदमा चले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/चंडीगढ़/भाषा। उच्चतम न्यायालय ने हालिया चंडीगढ़ महापौर चुनाव कराने वाले निर्वाचन अधिकारी को सोमवार को फटकार लगाते हुए कहा कि यह स्पष्ट है कि उन्होंने मतपत्रों को विरूपित किया, जिसके लिए उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए और उनका कृत्य 'लोकतंत्र की हत्या' व 'माखौल' है।

इस चुनाव में गड़बड़ी से 'स्तब्ध' प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि यह इस प्रकार से लोकतंत्र की हत्या नहीं करने देगी और शीर्ष अदालत चुनावी प्रक्रिया की शुचिता से संतुष्ट नहीं होने पर नये सिरे से चुनाव कराने का आदेश देगी।

न्यायालय ने पूछा कि निर्वाचन अधिकारी एक अधिकारी हैं या भगोड़ा। शीर्ष अदालत ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव मामले में 19 फरवरी को अगली सुनवाई के दौरान उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति का निर्देश देने के अलावा मतपत्रों और चुनाव कार्यवाही के वीडियो को संरक्षित करने का भी आदेश दिया। न्यायालय ने यह आदेश महापौर का चुनाव हारने वाले आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षद कुलदीप कुमार की उस याचिका पर गौर करने के बाद दिया, जिसमें कहा गया था कि निर्वाचन अधिकारी ने कांग्रेस-आप गठबंधन के पार्षदों के आठ मत पत्रों पर निशान लगाते हुए उन्हें अमान्य करार दिया। भाजपा ने 30 जनवरी को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में जीत हासिल की और सभी तीन पद बरकरार रखे, जिसपर कांग्रेस-आप गठबंधन ने निर्वाचन अधिकारी पर मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था।

ज्ञानवापी परिसर के अन्य बंद तहखानों का एएसआई से सर्वेक्षण कराने की याचिका दायर

वाराणसी/भाषा। वाराणसी जिला न्यायाधीश की अदालत में एक महिला ने सोमवार को याचिका दाखिल कर ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में बंद अन्य सभी तहखानों का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने की मांग की है। जिला अदालत ने अर्जी पर सुनवाई के लिए छह फरवरी की तारीख तय की है। विश्व वैदिक सनातन संघ की संस्थापक सदस्य और मां शृंगार गौरी मामले में एक पक्षकार राखी सिंह ने यह याचिका दाखिल की है, जिनकी पहले की एक याचिका पर एएसआई सर्वेक्षण हुआ था। राखी सिंह के अधिवक्ता अनुपम द्विवेदी ने बताया कि सोमवार को दाखिल की गई याचिका में अनुरोध किया गया है कि ज्ञानवापी परिसर में बंद सभी तहखानों एएसआई से सर्वेक्षण कराया जाए।

नफरत फैलाने वाले भाषण के मामले में इस्लामिक उपदेशक

मुफ्ती सलमान अजहारी को गुजरात पुलिस ने मुंबई से किया गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जूनागढ़/भाषा। गुजरात पुलिस ने नफरत फैलाने वाला भाषण देने के आरोप में दर्ज एक प्राथमिकी के संबंध में मुंबई से इस्लामिक उपदेशक मुफ्ती सलमान अजहारी को गिरफ्तार किया और उसे राज्य में वापस लाया जा रहा है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

गुजरात के जूनागढ़ शहर में 'बी' खंड थाने के समीप एक खुले मैदान में 31 जनवरी की रात आयोजित एक कार्यक्रम में यह भाषण दिया गया था।

पुलिस ने बताया कि भाषण का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद अजहारी, स्थायी आयोजक मोहम्मद यूसुफ मलिक और अजीम हबीब ओडेडारा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 153बी (विभिन्न धार्मिक समूहों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देना) और 505 (सार्वजनिक उपद्रव फैलाने के लिए बयान देना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक, मलिक और हबीब को शनिवार को गिरफ्तार किया गया जबकि पुलिस अजहारी की तलाश में जुटी थी।

गुजरात पुलिस ने मुंबई में अजहारी के ठिकाने को ढूंढ निकाला और रविवार को उसे गिरफ्तार कर लिया।

अगर कोई भारत की तरफ आंख उठाने की जुर्रत करेगा तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा : राजनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अगर कांग्रेस की सरकार भी होती तो हमारी पार्टी देश के मान-सम्मान के साथ खड़ी रही है और खड़ी रहती।

नई दिल्ली/भाषा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत अब कमजोर नहीं, बल्कि ताकतवर बन गया है तथा अगर कोई आंख उठाकर देखने की जुर्रत करेगा तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की टिप्पणी के बाद सदन में यह बयान दिया।

चर्चा में भाग लेते हुए चौधरी ने कहा कि अभिभाषण में देश की सुरक्षा का कोई उल्लेख नहीं किया गया। उन्होंने सवाल किया कि लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पूर्व की यथास्थिति की बहाली का क्या हुआ? कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अरुणाचल प्रदेश से लेकर लद्दाख तक हाल बुरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार में चीन से संबंधित नीति लगातार विफल रही है। इस पर हस्तक्षेप करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के संदर्भ में चौधरी ने जो भी कुछ कहा है कि वह उससे असहमति व्यक्त करते हैं।

सिंह ने कहा, मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत अब कमजोर भारत नहीं है। भारत अब ताकतवर भारत बन गया है। अगर कोई आंख उठाकर देखने की जुर्रत करेगा तो भारत मुंहतोड़ जवाब देगा। संसद के पटल पर देश को बदनाम नहीं किया जाना चाहिए।

सिंह ने कहा, अगर कांग्रेस की सरकार भी होती तो हमारी पार्टी देश के मान-सम्मान के साथ खड़ी रही है और खड़ी रहती। उन्होंने कहा कि वह चौधरी की इस बात की निंदा करते हैं। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजीजू ने चौधरी पर निशाना साधते हुए कहा, चीन ने जितनी भूमि पर कब्जा किया है, वो कांग्रेस के शासन के समय किया है।

अमेरिका ने हाउती ठिकानों पर हवाई हमले शुरू किये

सना/एजेन्सी। अमेरिका और ब्रिटेन ने रविवार देर रात उत्तरी यमन में हाउती शिविरों के खिलाफ हवाई हमले शुरू किये। हाउती संचालित अल-मसीरा टीवी ने रिपोर्ट जारी कर यह जानकारी दी। अमेरिकी और ब्रिटिश हमलों ने हाउती विद्रोहियों के गढ़ सादा प्रांत और रणनीतिक लाल सागर बंदरगाह शहर होदेइदाह में लक्ष्यों को निशाना बनाया। हमलों में प्रांतीय राजधानी के पूर्वी हिस्से सादा और बकीम के उत्तरी जिले में काफी नुकसान पहुंचा है। होदेइदाह में हमलों ने उत्तर-पश्चिमी तटीय जिले रास इस्सा और पड़ोसी जिले अज़-ज़ायदियाह में शिविरों को निशाना बनाया।

रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा एक साहसी कार्य : भागवत

पुणे/भाषा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को सोमवार को एक साहसी कार्य बताया, जो ईश्वर के आशीर्वाद और इच्छा से हुआ है।

महाराष्ट्र के पुणे जिले के आलंदी में गीता भक्ति अमृत महोत्सव में भागवत ने यह भी कहा कि भारत को अपने कर्तव्य के लिए उठना होगा और यदि किसी भी कारण से यह समर्थ (सक्षम) नहीं बन पाया, तो दुनिया को बहुत जल्द विनाश का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, 22 जनवरी को रामलला का आगमन हुआ'' और यह काफी संघर्ष के बाद एक साहसी काम था। उन्होंने कहा, वर्तमान पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि उसने रामलला को उनके स्थान पर देखा है। यह वास्तव में हुआ, सिर्फ इसलिए नहीं हुआ कि सभी ने इसके लिए काम किया, बल्कि यह ईश्वर के आशीर्वाद और इच्छा के कारण हुआ।

भागवत ने यह भी कहा कि समारोह के दौरान उपस्थित रहना उनका सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष को ऊपर उठना होगा क्योंकि दुनिया को इसकी जरूरत है। उन्होंने कहा, यदि किसी भी कारण से भारत समर्थ नहीं बना या खड़ा नहीं हुआ तो दुनिया को जल्द ही विनाश का सामना करना पड़ेगा। इस तरह की स्थिति बनी हुई है। दुनिया भर के बुद्धिजीवी इस बात को जानते हैं। वे इस पर कह और लिख रहे हैं।

जीकेवीके सभागार में दो दिवसीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन सम्पन्न

खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने किया आयोजन

3दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा जीकेवीके सभागार में दो दिवसीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय गांधी कृषि विज्ञान केंद्र के विस्तार निदेशक डॉ. वीएल मधुप्रसाद ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी(सेवानिवृत)आरएस पांडेय, उपनिदेशक (राजभाषा), मुंबई के कृष्णपाल, कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण समन्वयक एवं प्रमुख डॉ. के. शिवरामू, निदेशक डॉ. ई मोहन राव तथा खादी और ग्रामोद्योग आयोग के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी विनोदकुमार भारती उपस्थित थे।

सर्वप्रथम विनोद कुमार भारती ने सभी का स्वागत किया। अध्यक्ष व अतिथियों ने गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ ही कार्यक्रम की शुरुआत की। सम्मेलन में हिंदी के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ राजभाषा हिंदी के संवैधानिक प्रावधानों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। केंद्र सरकार के कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन और संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण से संबंधित विषयों पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस चर्चा और व्याख्यान में कॉफी बोर्ड उप निदेशक (राजभाषा) डॉ. धीरज कुमार मिश्र, कृत्रिम ज्ञान तथा रोबोटिक केंद्र, डीआरडीओ कॉम्प्लेक्स के सहायक निदेशक(राजभाषा) डॉ. एसएन महेश, एचएएल के डीजीएम/राजभाषा (सेवानिवृत) डॉ. एम शंकरप्रसाद, अन्तरिक्ष विभाग के संयुक्त निदेशक सोमशेखरन नायर, कृष्णपाल व विनोदकुमार भारती ने भाग लिया। हिंदी के प्रचार-प्रसार को आगे बढ़ाते हुए राजभाषा सम्मेलन के दौरान कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। अध्यक्ष डॉ. वीएल मधुप्रसाद ने भारतीय भाषाओं की वैज्ञानिकता को सराहते हुए कहा कि भारतीय भाषाओं का ज्ञान-भारतीयता का ज्ञान है। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वाधीनता प्राप्ति से लेकर आज तक हिंदी ने राष्ट्र की एकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. ई. मोहन राव ने हिंदी के माध्यम से सरकारी कार्यक्रमों और योजनाओं का लाभ देश के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तक पहुंचाकर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने को आसान बताया। कृष्णपाल ने कहा कि राजभाषा हिंदी में कार्यालय कार्य करना सबकी संवैधानिक जिम्मेदारी है। विनोदकुमार भारती ने कहा कि हिंदी का विकास, देश का विकास है। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, जीकेवीके के प्रशिक्षण समन्वयक एवं प्रमुख डॉ. के. शिवराम ने धन्यवाद दिया। विनोदकुमार भारती ने कार्यक्रम का संचालन किया।

बिमल बैद बने राजलदेसर परिषद के नए अध्यक्ष

3दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय राजलदेसर परिषद की साधारण सभा एक होटल में उपाध्यक्ष बिमल बैद की अध्यक्षता में हुई। बिमल ने सभी उपस्थित सदस्यों व महिला संगठन की सदस्याओं का स्वागत किया। मंत्री दीपक बैद, सहमंत्री राजीव हीरावत, कोषाध्यक्ष सुमित बैद ने बैठक में विभिन्न रिपोर्ट पेश की। तत्पश्चात् चुनाव अधिकारी राजेंद्र बैद ने सर्व सम्मति से बिमल बैद को वर्ष 24 -26 कार्यकाल के लिए नए अध्यक्ष मनोनीत किया। नए अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को साथ लेकर परिषद को नई ऊँचाइयों पर ले जाने का लक्ष्य रखा। बैठक का संचालन विक्रम दुगड़ ने किया।

साध्वियों की निश्रा में विजयनगर ट्रस्ट की नई टीम की हुई घोषणा

3दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के विजयनगर ट्रस्ट के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आनंदकुमार नाहर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल तमिलनाडु के वृन्दाचालम में विराजित साध्वीश्री सुधाकंवरजी, विजयप्रभाजी, साधनाजी, रत्नज्योतिजी व सुयशाश्रीजी के दर्शन किए तथा अपनी 12 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

अध्यक्ष आनंदकुमार ने मंत्री कन्हैयालाल सुराणा, उपाध्यक्ष राजेन्द्रकुमार बोहरा व गौतमकुमार दक, कोषाध्यक्ष सुरेशचंद खाब्या, सहमंत्री सुनीलकुमार लोढ़ा, रविन्द्रकुमार जैन तथा तेजमल भंडारी, महावीरकुमार सुराणा, पारसमल मेहता, प्रवीणकुमार आंचलिया व ज्ञानचंद कटारिया को कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में नियुक्त किया। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने साध्वीश्री ने वर्ष 2024 के चातुर्मास हेतु निवेदन किया जिसे स्वीकारते हुए साध्वीश्री ने सही समय पर घोषणा का आश्वासन दिया।

हिमाचल में बर्फबारी और बारिश जारी, चार राष्ट्रीय राजमार्गों समेत 645 सड़कें बंद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

शिमला/भाषा। हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी और बारिश जारी है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है और चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 645 सड़कों पर सोमवार को वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने यह जानकारी दी।

केंद्र ने कहा कि राज्य की राजधानी शिमला में 242, लाहौल और स्पीति में 157, कुल्लू में 93, चंबा में 61 और मंडी जिले में 51 सड़कें बंद हैं।

स्थानीय मौसम कार्यालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में चिरगांव में 35 सेंटीमीटर (सेमी), खदराला में 30 सेमी, मनाली में 23.6 सेमी, नारकंडा में 20 सेमी, गोंदला में 16.5 सेमी, केलांग में 15.2 सेमी, शिलारू में 15 सेमी, सांगला में 8.2 सेमी, कुकुमसेरी में 7.1 सेमी, कल्पा में 7 सेमी और शिमला में 2 सेमी बर्फबारी हुई।

मौसम कार्यालय ने बताया कि राज्य में व्यापक बारिश भी हुई और सुंदरनगर में सबसे अधिक 60 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की गई, जबकि करसोग में 56 मिमी, जोगिंदरनगर में 53 मिमी, कटुला में 52 मिमी, बैजनाथ में 48 मिमी, स्लैपर में 46 मिमी, भुंटर में 49 मिमी और सेओबाग और बाघी में 42 मिमी बारिश दर्ज हुई।

मौसम कार्यालय ने कहा कि न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं हुआ, हालांकि, अधिकतम तापमान उल्लेखनीय गिरावट के बाद सामान्य से नीचे दर्ज किया गया।

लाहौल-स्पीति का कुकुमसेरी रात में सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से 6.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि कांगड़ा का देहरा गोपीपुर दिन में 14 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म रहा।

स्थानीय मौसम कार्यालय ने अगले छह दिन तक राज्य में मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है।

छत्तीसगढ़ सरकार नक्सल समस्या खत्म करने को प्रतिबद्ध : राज्यपाल हरिचंदन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रायपुर/भाषा। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार वामपंथी उग्रवाद को कुचलने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रभावित इलाकों में आवश्यक सुविधाएं, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध की जाएंगी। नवनिर्वाचित विधानसभा के पहले बजट सत्र के प्रथम दिन राज्यपाल के अभिभाषण में मुख्य रूप से पुलिस बल को मजबूत करने और उसके कामकाज एवं जीवन के बीच संतुलन को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। उन्होंने किसानों सहित विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा लाई जा रही योजनाओं, और जन वितरण प्रणाली के तहत दिसंबर 2028 तक मुफ्त चावल मुहैया करने को रेखांकित किया। उन्होंने आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिए जाने का भी उल्लेख किया।

राज्यपाल ने कहा, पुलिस को उसकी गुणवत्ता बढ़ाने के लिए आधुनिक हथियार, संचार उपकरण और अन्य आवश्यक उपकरण प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा, माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस के बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए लगभग 201 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाली एक परियोजना को तेजी से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा, मेरी सरकार ने पुलिस को उसके कर्तव्यों के प्रभावी निष्पादन के लिए मजबूत करने के वास्ते नई सुविधाओं से लैस करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही, उसकी समस्याओं का हल करने के लिए एक उदार दृष्टिकोण अपनाया गया है।

डैबोलिम हवाई अड्डा नहीं होगा बंद : सावंत

पणजी/भाषा। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सोमवार को कहा कि उत्तरी गोवा में मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (एमआईए) के चालू होने के बाद भी डैबोलिम हवाईअड्डे को बंद नहीं किया जाएगा। डैबोलिम हवाईअड्डा, भारतीय नौसेना अड्डे का हिस्सा है। सदन के पटल पर इस मुद्दे को उठाते हुए निर्दलीय विधायक अलेक्सो रेजिनाल्डो लौरेंको ने आरोप लगाया कि जीएमआर के पदाधिकारी डैबोलिम हवाईअड्डे पर पूर्ण नियंत्रण प्राप्त करने के लिए भारतीय नौसेना पर दबाव बना रहे हैं।

विधायक ने दावा किया कि एमआईए के चालू होने से डैबोलिम हवाई अड्डे पर उड़ानों की संख्या में कमी आई है। दक्षिण गोवा में स्थित डैबोलिम हवाईअड्डा नौसेना अड्डा आईएनएस हंसा का हिस्सा है। चर्चा के दौरान सावंत ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में निर्णय लिया कि एमआईए के चालू होने के बाद भी डैबोलिम हवाईअड्डे का परिचालन जारी रखेगा।

DECCAN GOLD
MINES LIMITED

देश में महत्वपूर्ण खनिजों की अन्वेषण संभावनाएं आंक रही है डेक्कन गोल्ड माइंस

नई दिल्ली/भाषा। डेक्कन गोल्ड माइंस लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि वह देश में लिथियम सहित महत्वपूर्ण खनिजों से संबंधित आंकड़ों का आकलन कर रही है और सकारात्मक मूल्यांकन होने पर वह अन्वेषण या खोज लाइसेंस मांग सकती है। सरकार ने पिछले साल दो लिथियम ब्लॉक एवं अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी प्रक्रिया शुरू की थी। सोने की खदान का संचालन करने वाली कंपनी डेक्कन गोल्ड माइंस ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा, महत्वपूर्ण खनिजों का कारोबार खड़ा करने की रणनीति के तहत कंपनी निकेल, तांबा, ग्रेफाइट और लिथियम परियोजनाओं पर आंकड़ों की समीक्षा कर रही है। कंपनी सकारात्मक तकनीकी मूल्यांकन होने पर लाइसेंसों को सुरक्षित कर सकती है। इस घोषणा के बाद बीएसई पर कंपनी के शेयर 4.99 प्रतिशत बढ़कर 130.55 रुपए पर पहुंच गए। डेक्कन गोल्ड माइन्स लिमिटेड (डीजीएमएल) बीएसई पर सूचीबद्ध और सोने का अन्वेषण करने वाली पहली कंपनी है।

संविधान संशोधन विधेयक सहित राज्यसभा में तीन विधेयक पेश

नई दिल्ली/भाषा। सरकार ने सोमवार को राज्यसभा में जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) संशोधन विधेयक सहित तीन विधेयक पेश किए जिनमें कुछ अपराधों में जेल की सजा के प्रावधान को हटाकर उनके स्थान पर अर्थदण्ड का प्रस्ताव किया गया है। दो अन्य विधेयक संविधान संशोधन विधेयक हैं जो आंध्र प्रदेश एवं ओड़िशा से संबंधित हैं। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) संशोधन विधेयक पेश किया। इस विधेयक के 1974 के मूल कानून में संशोधन का प्रस्ताव है। विधेयक के कारणों एवं उद्देश्य में कहा गया है कि इसमें आपराधिक प्रावधानों को तर्कसंगत बनाने तथा यह सुनिश्चित करने का प्रावधान किया गया है कि नागरिक, कंपनियां एवं व्यापार छोटी, तकनीकी एवं प्रक्रियागत गलतियों के कारण कारावास के भय से मुक्त होकर काम कर सकें। विधेयक में कुछ मामूली अपराधों में कारावास के स्थान पर अर्थदंड का प्रावधान किया गया है। इसमें कहा गया कि इस तरह से एकत्रित अर्थदंड की राशि को पर्यावरण संरक्षण कोष में जमा करवाया जाएगा।

धनशोधन के आरोप को लेकर ईडी ने पेटीएम के खिलाफ क्या कार्रवाई की: कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस ने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पेटीएम के खिलाफ कार्रवाई के बाद सोमवार को कहा कि इस कंपनी के खिलाफ धनशोधन के गंभीर आरोपों को लेकर प्रवर्तन निदेशाल (ईडी) ने क्या कदम उठाए हैं। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने संवाददाताओं से कहा, तमाम अनियमितताओं के चलते सरकार के चहेते उद्योगपति की कंपनी को रिजर्व बैंक ने प्रतिबंधित किया लेकिन इसके पहले वो लगातार कानून का उल्लंघन करती रही और बार-बार बचती रही। उन्होंने दावा किया कि इसके पहले पेटीएम पर अपने उपभोक्ताओं का आंकड़ा भाजपा के साथ साझा करने जैसे आरोप भी लग चुके हैं।

सुप्रिया ने कहा, 31 जनवरी को रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 29 फरवरी के बाद कोई भी बैंकिंग गतिविधि करने से रोक दिया है। इसका मतलब यह है कि कोई राशि जमा नहीं होगी, कोई क्रेडिट लेनदेन नहीं, कोई वॉलेट टॉप अप नहीं, कोई बिल भुगतान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक ने यह कार्रवाई बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के तहत की है। सुप्रिया ने सवाल किया, इतने सारे उल्लंघनों के बाद भी पेटीएम पेमेंट्स बैंक को इतनी लंबी ढील क्यों दी गई? धनशोधन जैसे गंभीर आरोप को लेकर ईडी ने अब तक क्या कार्यवाही की? क्या ईडी 95 प्रतिशत मामलों में राजनीतिक लोगों के ख़िलाफ़ षड्यंत्र रच कर संतुष्ट है?''

'हिट एंड रन' मामले कम करने के लिए 'डैश कैम' अनिवार्य किया जाए: राकांपा सांसद फौजिया खान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की राज्यसभा सदस्य फौजिया खान ने सोमवार को कहा कि दुर्घटनाओं से संबंधित चिंताओं को दूर करने और जिम्मेदार ड्राइविंग प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए वाहनों में 'डैश कैम' लगाना अनिवार्य किया जाना चाहिए।

राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान मुद्दा उठाते हुए राकांपा सदस्य ने कहा कि औपनिवेशिक काल की भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की जगह लेने वाली भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में 'हिट एंड रन' मामलों के सख्त प्रावधानों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए हैं।

उन्होंने कहा, एक प्रमुख पहलू जो इन कड़े उपायों के मद्देनजर ध्यान देने योग्य है और वह है डैश कैम का प्रचार। डैश कैम एक मूल्यवान उपकरण के रूप में उभरा है जो सड़क दुर्घटना की स्थिति में ठोस सबूत प्रदान कर सकता है।

खान ने कहा कि दुनिया के ज्यादातर देशों ने बड़े पैमाने पर डैश कैम को अपनाया है। उन्होंने कहा कि निर्माताओं के लिए डैश कैम का उपयोग अनिवार्य बनाकर विश्वसनीय साक्ष्य एकत्र करने, पारदर्शिता सुनिश्चित करने और निष्पक्ष कानूनी प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने मदद मिल सकती है। डैश कैम एक छोटा वीडियो कैमरा होता है जो कार के डैशबोर्ड या विंडशील्ड पर लगा होता है। इसका उपयोग वाहन चलाते समय उसके सामने होने वाली हर चीज को रिकॉर्ड करने के लिए किया जाता है।

राकांपा सदस्य ने कहा कि आज निर्माताओं के लिए सीट बेल्ट, सीट बेल्ट बीप आदि अनिवार्य की गई हैं। उन्होंने कहा, डैश कैम को उसी तरह अनिवार्य किया जा सकता है। खान ने कहा कि ये उपकरण एक निष्पक्ष गवाह के रूप में घटनाओं को सटीक रूप से रिकॉर्ड करते हैं और अनैतिक व्यवहार को हतोत्साहित करते हैं।

कर्ज के बोझ कम करने, अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए गए : वित्त मंत्री

नई दिल्ली/भाषा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि कर्ज का बोझ कम करने के लिए सरकार ने कर राजस्व बढ़ाने, सार्वजनिक व्यय प्रभावशीलता बढ़ाने, राजकोषीय घाटे को कम करने की प्रतिबद्धता और उत्पादक दक्षता बढ़ाने जैसे कई कदम उठाए हैं। उन्होंने लोकसभा में कहा कि वित्तीय प्रणाली को मजबूत करने के अलावा सरकार ने अपने प्रभावी पूंजीगत व्यय को 2020-21 में 6.57 लाख करोड़ रुपए से दोगुना से अधिक बढ़ाकर 13.71 लाख करोड़ रुपए और 2023-24 और 2024-25 में 14.97 लाख करोड़ रुपए कर दिया है। उनका कहना था कि पूंजीगत व्यय बढ़ाने पर सरकार के जोर से न केवल निवेश को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि कर्ज का बोझ कम करने के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की अधिक वृद्धि भी होगी। इसके साथ ही, सीतारमण ने कहा कि राज्य सरकारों को 50-वर्षीय ब्याज-मुक्त पूंजीगत व्यय ऋण और कर हस्तांतरण किस्तों की 'फ्रंट-लोडिंग' जैसे उपायों के माध्यम से अपने पूंजीगत व्यय को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

जीएसटी अधिकारियों ने अप्रैल-दिसंबर, 2023 में कर चोरी के 14,597 मामलों का पता लगाया

नई दिल्ली/भाषा। सरकार ने सोमवार को कहा कि जीएसटी अधिकारी कर प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और चोरी रोकने के लिए 'बिजनेस इंटेलिजेंस और फ्रॉड एनालिटिक्स' जैसे डेटा विश्लेषणात्मक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरणों का उपयोग कर रहे हैं। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि अप्रैल-दिसंबर 2023 के दौरान केंद्रीय कर अधिकारियों द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) चोरी के कुल 14,597 मामले दर्ज किए गए। उनके मुताबिक, ऐसे मामलों की अधिकतम संख्या महाराष्ट्र (2,716) में दर्ज की गई। उसके बाद गुजरात (2,589), हरियाणा (1,123) और पश्चिम बंगाल (1,098) का स्थान रहा।

प्रधानमंत्री ने मणिपुर के लोगों को उनके हाल पर छोड़ा : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मणिपुर की स्थिति को लेकर सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्वोत्तर के इस राज्य के लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया है। उन्होंने यह दावा भी किया कि पिछले साल संसद से प्रधानमंत्री ने मणिपुर के लोगों को जो आश्वासन दिया था, वह भी खोखला लगता है। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, मणिपुर में लगातार जारी हिंसा के कारण अनगिनत जिंदगियों को तबाह हुए नौ महीने हो गए हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के पास राज्य का दौरा करने के लिए एक घंटा भी नहीं है। क्यों? उन्होंने आखिरी बार चुनाव प्रचार के लिए फरवरी, 2022 में मणिपुर का दौरा किया था और अब उन्होंने मणिपुर के लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया है।

उनके मुताबिक, राज्य में 4 मई, 2023 से अब तक 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 60,000 लोग विस्थापित हुए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, लगभग 50,000 लोग पर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं और भोजन के बिना घृणित परिस्थितियों में राहत शिविरों में रह रहे हैं। लोग पहले ही सब

कुछ खो चुके हैं - अपना घर, अपनी आजीविका और अपना सामान। वे कहीं नहीं जा सकते। उनका भविष्य अंधकारमय है। खरगे ने कहा, कुछ खबरों के अनुसार, अकेले चुराचांदपुर के शिविरों में कुपोषण और बीमारी के कारण 80 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। इम्फाल के शिविर भी बेहतर नहीं हैं। शिविरों में जो भी सहायता प्रदान की जा रही है वह अच्छे लोगों, गैर सरकारी संगठनों के सामूहिक प्रयासों से आई है, न कि राज्य सरकार द्वारा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा दिखाई गई पूर्ण उदासीनता और उपेक्षा के कारण महिलाएं और बच्चे पीड़ित हैं।

खरगे ने कहा, एक जनवरी से ही दोबारा हुई हिंसा में 10 लोगों की मौत हो चुकी है। दो समुदायों के प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे पर गोली चलाई, 7 लोग घायल हो गए। 24 जनवरी को हमने देखा कि कैसे एक सशस्त्र समूह ने भारी सुरक्षा वाले कांगला किले में एक बैठक में भाग लेने के लिए सांसदों/विधायकों को मजबूर किया। उस बैठक के दौरान कांग्रेस की मणिपुर की इकाई के अध्यक्ष पर बेरहमी से हमला किया गया और उन्हें प्रताड़ित किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अगस्त, 2023 में संसद में मणिपुर के लोगों को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिया गया आश्वासन खोखला लगता है!

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, कोई सामान्य स्थिति और शांति नजर नहीं आ रही है। भाजपा की ''डबल इंजन'' सरकार ने मणिपुर के लोगों पर कई प्रहार किए हैं!''

मोदी के ओबीसी समुदाय से होने कारण शंकराचार्यों ने राम मंदिर कार्यक्रम में नहीं लिया हिस्सा : उदयनिधि स्टालिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु के खेल विकास और युवा मामलों के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने दावा किया है कि पछिड़े वर्ग से आने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति के कारण शंकराचार्य अयोध्या में 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में शामिल नहीं हुए थे।

मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के पुत्र उदयनिधि स्टालिन रविवार को पूर्वी चेन्नई डीएमके जिला इकाई द्वारा आयोजित पार्टी बूथ एजेंटों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि उन्होंने सनातन धर्म में असमानताओं के बारे में बात की थी और संतों का यह कृत्य उसी का प्रमाण है। उन्होंने सनातन धर्म पर अपने भाषण को याद करते हुए कहा, ''मैंने यह चार महीने पहले कहा था। मैंने आपके लिए बात की। मैंने कहा कि सभी समान हैं।'' उन्होंने यह भी कहा कि वह सनातन धर्म पर अपनी टिप्पणी के लिए माफी नहीं मांगेंगे।

उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा सरकार ने देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रित नहीं किया, क्योंकि वह एक विधवा हैं और आदिवासी समुदाय से हैं। तमिलनाडु के मंत्री ने दोहराया कि द्रमुक किसी भी धर्म या राम मंदिर के निर्माण के खिलाफ नहीं है।

तमिलनाडु के हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती मंत्री पी.के. शेखरबाबू भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि सितंबर 2023 में एक प्रगतिशील लेखक मंच को संबोधित करते हुए उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म के उन्मूलन का आह्वान किया था। उन्होंने तब कहा था कि सनातन धर्म कोरोनोवायरस, मलेरिया और डेंगू की तरह है और समानता और सामाजिक न्याय के विकास के लिए इसे खत्म करना होगा। इससे विवाद खड़ा हो गया और इस युवा नेता के खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए।

आधार शिला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

चेन्नई में सोमवार को युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने नगर प्रशासन के मंत्री की उपस्थिति में ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन की पूरी हो चुकी परियोजनाओं का उद्घाटन किया और नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

श्रीलंका ने अवैध रूप से मछलियां पकड़ने के आरोप में 23 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई/कोलंबो। श्रीलंकाई नौसेना ने अपने समुद्री क्षेत्र में अवैध रूप से मछलियां पकड़ने के आरोप में 23 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और दो नौकाएं जब्त कर लीं।

श्रीलंकाई नौसेना ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि जाफना के उत्तरी डेफ्ट द्वीप से शनिवार को मछुआरों को गिरफ्तार किया गया और उनकी दो नौकाएं जब्त कर ली गयीं।

इसमें बताया गया है कि पकड़े गए 23 मछुआरों और उनकी नौकाओं को कांकेसनथुरई बंदरगाह ले जाया गया और उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए मैलादी मत्स्य निरीक्षक को सौंपा जाएगा।

बयान में कहा गया है, श्रीलंकाई नौसेना ने तीन फरवरी 2024 की रात को श्रीलंकाई जलक्षेत्र से मछली पकड़ने वाली भारतीय नौकाओं का पीछा करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया। अभियान के तहत दो भारतीय नौकाओं को जब्त किया गया और जाफना में डेफ्ट द्वीप के तट पर श्रीलंका के उत्तरी जल क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ रहे 23 भारतीय नागरिकों को पकड़ा।''

श्रीलंका की नौसेना विदेशी नौकाओं द्वारा अवैध रूप से मछली पकड़ने पर लगाम लगाने के लिए अपने समुद्री क्षेत्र में नियमित गश्त करती है और अभियान चलाती है। भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों में मछुआरों का मुद्दा विवादास्पद है। श्रीलंकाई नौसैनिकों ने कई बार पाक जलडमरू में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की है।

पाक जलडमरू तमिलनाडु को श्रीलंका से अलग करने वाली एक संकीर्ण जलसंधि है और दोनों देशों के मछुआरों के लिए मछली पकड़ने के लिहाज से समृद्ध क्षेत्र है। श्रीलंका ने जनवरी में भारत के 36 मछुआरों को गिरफ्तार किया था। उसने 2023 में 240 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया था और 35 नौकाएं जब्त की थीं।

द्रमुक पदाधिकारी की हत्या में गिरफ्तार 13 लोगों में अन्नाद्रमुक का नेता भी

चेन्नई। द्रमुक के एक स्थानीय नेता की हत्या के मामले में अन्नाद्रमुक के एक स्थानीय पदाधिकारी समेत कम से कम 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तमिलनाडु के मदुरै जिले के एमके पुरम इलाके में 27 जनवरी को द्रमुक के स्थानीय नेता थिरुमुगम (45) की हत्या कर दी गई थी। वह जिले के वार्ड 77 से द्रमुक के सचिव थे। पुलिस ने कहा कि पांच सदस्यीय गिरोह ने थिरुमुगम की उस समय हत्या कर दी जब वह मदुरै के एमके पुरम में अपने घर के सामने बैठे थे। पुलिस ने स्थानीय अन्नाद्रमुक नेता थावकुमार को गिरफ्तार कर लिया, जो मृतक थिरुमुगम का करीबी रिश्तेदार भी है। हालांकि थिरुमुगम की हत्या के पीछे व्यापारिक प्रतिद्वंद्विता मानी जा रही है, मदुरै पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आईएएनएस से कहा कि वे हत्या में राजनीतिक पहलू से इनकार नहीं कर रहे हैं।

गौरतलब है कि दक्षिण तमिलनाडु के जिले मदुरै, थेनी और तिरुनेलवेली बेहद संवेदनशील इलाके हैं और यहां हत्याओं के बाद जवाबी हत्याएं होती रहती हैं। थावकुमार और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद मदुरै जिला पुलिस हाई अलर्ट पर है और इलाके में पुलिस की एक मजबूत टुकड़ी तैनात की गई है।

तमिलनाडु ने गोवा को सात विकेट से हराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पोरवोरिम। सुरेश लोकेश्वर (52) और प्रबोध रंजन पॉल (65) के अर्धशतक से तमिलनाडु ने सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के अंतिम दिन गोवा को सात विकेट से हरा दिया। तीसरे दिन का अंत एक विकेट पर 61 रन पर करने के बाद तमिलनाडु को अंतिम दिन जीत के लिए 76 रन की दरकार थी।

कल के नाबाद बल्लेबाजों लोकेश्वर और प्रबोध ने सोमवार को अपने अर्धशतक पूरे किए लेकिन इसके बाद दोनों आउट हो गए और बाबा इंद्रजीत (नाबाद 07) और विजय शंकर (नाबाद 13) ने जीत की औपचारिकता पूरी की। लोकेश्वर ने 129 गेंद की अपनी पारी में छह चौके मारे जबकि प्रबोध ने भी 125 गेंद का सामना करते हुए इतने ही चौके जड़े। गोवा की ओर से दर्शन मिसल ने दो जबकि सुयश प्रभुदेसाई ने एक विकेट चटकाया। अर्जुन तेंदुलकर को मैच में एक भी विकेट नहीं मिला। वह गोवा की ओर से बल्लेबाजी करते हुए भी नाकाम रहे और एक तथा आठ रन ही बना पाए।

इस जीत से तमिलनाडु को छह अंक मिले और वह ग्रुप सी में शीर्ष पर पहुंच गया है। चंडीगढ़ में मेजबान और पंजाब के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। चौथे और अंतिम दिन खेल नहीं हो पाया। रविवार को भी खेल नहीं हो पाया था। पहले दो दिन पंजाब की टीम ने 107 ओवर में दो विकेट पर 477 रन बनाए। चंडीगढ़ और पंजाब दोनों को इस मुकाबले से एक-एक अंक मिला।

वासन तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक की एनडीए में वापसी के लिए करेंगे मध्यस्थता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिल मनीला कांग्रेस (टीएमसी) नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री जीके वासन ने अन्नाद्रमुक और भाजपा के बीच सुलह कराने का जिम्मा उठाया है।

भाजपा के सूत्रों ने बताया कि प्रसिद्ध कांग्रेस नेता दिवंगत जी.के. मूपनार के बेटे वासन का पूर्व मुख्यमंत्री और अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) और सीवी शनमुघम और केपी मुनिस्वामी जैसे अन्नाद्रमुक के अन्य नेताओं सहित शीर्ष नेतृत्व के साथ अच्छे व्यक्तिगत तालमेल हैं। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय भाजपा नेतृत्व तमिलनाडु की राजनीति में सफलता की तलाश में है और उसे किसी भी कीमत पर पार्टी के लिए कुछ सीटें चाहिए।

मिली जानकारी के मुताबिक, बीजेपी ने हाल ही में हुए एक आंतरिक सर्वे में पाया है कि बिना उचित गठबंधन के वह सीटें नहीं जीत पाएंगे और इसके लिए अन्नाद्रमुक ने दांव खेला है। चूंकि भाजपा के स्थानीय नेतृत्व के अन्नाद्रमुक नेतृत्व के साथ अच्छे संबंध नहीं हैं, इसलिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने जी.के. वासन से संपर्क किया है, जो लंबे समय से एनडीए के प्रति वफादार रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, वासन पहले ही अन्नाद्रमुक के शीर्ष अधिकारियों से मिल चुके हैं और सुलह के फॉर्मूले पर काम कर रहे हैं।

जी.के. वासन ने पीएमके के संस्थापक नेता डॉ. एस रामदास और उनके बेटे और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अंबुमणि रामदास से भी मुलाकात की है। पीएमके भी अब तमिलनाडु में एनडीए के साथ नहीं है और एक शक्तिशाली ताकत है। यह वन्नियार समुदाय की राजनीतिक शाखा है जिसका पश्चिमी और मध्य तमिलनाडु की कई सीटों पर निर्णायक प्रभाव है।

वासन हाल ही में नई दिल्ली में थे और उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष सहित भाजपा के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की।

इस बीच, वासन 12 फरवरी को पार्टी की आम परिषद की बैठक के बाद 2024 के आम चुनावों के लिए गठबंधन की घोषणा करेंगे।

वासन ने रविवार को एक बयान में कहा कि वह सभी गठबंधन सहयोगियों के साथ विचार-विमर्श कर रहे हैं और सामान्य परिषद की बैठक में उचित निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि टीएमसी तमिलनाडु में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के साथ है और उसके साथ बनी रहेगी। हालांकि, तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में मजबूत जड़ें रखने वाली एक राजनीतिक पार्टी होने के नाते, वासन को पार्टी के जिला नेताओं और अन्य राज्य नेताओं के साथ बातचीत के बाद गठबंधन पर सार्वजनिक घोषणा करनी होगी।

नाकामी छुपाने के लिए केंद्र पर आरोप लगाते मुख्यमंत्री : पी. राजीव

बेंगलूरु। बीजेपी के प्रदेश महासचिव पी. राजीव ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने अपनी गलती छुपाने और अपनी नाकामी छुपाने के लिए केंद्र पर आरोप लगाने का काम किया है। सोमवार को भाजपा के प्रदेश मुख्यालय जगन्नाथ भवन में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सिद्दरामैया ने 14 बार राज्य का बजट प्रस्तुत किया है। बजट संबंधी नीति नियम उन्हें सभी मालुम हैं। आज ट्रेन छूटने के बाद ट्रेन की टिकट की मांग करने की तरह विरोध प्रदर्शन की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 15वां वित्त आयोग जब कर्नाटक आया था तब सिद्दरामैया ही मुख्यमंत्री थे। राजीव ने सवाल किया कि उस समय आयोगक के समक्ष मांग क्यों नहीं रखी। उन्होंने कहा कि यदि आपके साथ कोई अन्याय हो रहा है तो आपको उस आयोग के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए था। फिर आप मुख्यमंत्री पद पर बैठे रहेंगे। आज संसद में 15वें वित्त आयोग द्वारा वित्त विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद अब आप आरोप लगा रहे हैं? उन्होंने पूछा कि क्या यह संविधान के खिलाफ नहीं है।

महिला सशक्तिकरण के लिए शक्ति योजना : मुख्यमंत्री सिद्दरामैया

एक साल के भीतर के एसआरटीसी के बेड़े में जुड़ेंगी हजार बसें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि शक्ति योजना के तहत 146 करोड़ महिलाओं और स्कूली छात्राओं ने मुफ्त यात्रा की है और शक्ति योजना महिला सशक्तिकरण की पूरक है। वह सोमवार को कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा 100 नए डिजाइन वाली कर्नाटक परिवहन बसों (प्वाइंट टू प्वाइंट एक्सप्रेस, अश्वमेध क्लासिक यात्रा की पुनर्कल्पना) का अनावरण करने के बाद बोल रहे थे।

कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम अपने बेड़े में इस वर्ष 1000 बसें शामिल कर रहा है और इसके अंतर्गत ही आज 100 बसें जारी की गई हैं।

प्रदेश की जनता को 4 निगम बस सेवाएँ उपलब्ध करा रहे हैं। चार साल तक कोई नई बसें नहीं जोड़ी गईं।

कोविड के दौरान लगभग 3800 बसें भी निलंबित कर दी गईं। सत्ता में आने के बाद हम संगठन में 5800 बसें जोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों को सुरक्षित और आसान यात्रा के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी।

कर्मचारियों के लिए बीमा सुविधा

कर्मचारियों के लिए बीमा सुविधा बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये कर दी गई है। ड्यूटी पर मरने वाले कर्मियों के लिए मुआवजा राशि 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दी गई है।

चुनाव पूर्व वादे पूरे

चुनाव से पहले हमने कहा था कि हम महिला सशक्तिकरण के लिए केएसआरटीसी और अन्य बसों में मुफ्त यात्रा कराएंगे। उन्होंने कहा कि बढ़ती कीमतों, महंगाई और बेरोजगारी की स्थिति में हमने क्रय शक्ति बढ़ाई है।

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार, परिवहन मंत्री रामलिंगारेड्डी, के.आर.एस.एस.एम के अध्यक्ष गोपी श्रीनिवास, विधान परिषद सदस्य नागराज यादव आदि उपस्थित थे।

कर्नाटक के साथ 'अन्याय' के खिलाफ है कांग्रेस सरकार का दिल्ली में प्रदर्शन : सिद्दरामैया

- कल नई दिल्ली के जंतर मंतर पर होगा प्रदर्शन
- मुख्यमंत्री सहित सभी विधायक एवं सांसद करेंगे प्रदर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। केंद्र सरकार पर कर्नाटक के साथ अन्याय' करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा कि पिछले चार वर्ष में राज्य को 45,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि सात फरवरी को दिल्ली में होने वाला राज्य की कांग्रेस सरकार का प्रदर्शन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ नहीं, बल्कि केंद्र सरकार के अन्याय' के खिलाफ है।

मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब सिद्दरामैया समेत राज्य के सभी कांग्रेस विधायक और सांसद कर्नाटक के साथ कर अंतरण और सहायता अनुदान के संबंध में केंद्र के कथित अन्याय के खिलाफ सात फरवरी को नयी दिल्ली में विरोध प्रदर्शन करेंगे। 'कर अंतरण' केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच राजस्व वितरण को संदर्भित करता है। सिद्दरामैया ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'सात फरवरी को सभी मंत्री, सांसद और विधानमंडल के दोनों सदनों के सभी सदस्य 15वें वित्त आयोग से कर्नाटक के साथ हुए अन्याय और केंद्र से अनुदान समेत राज्य से जुड़े कई अन्य मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने जा रहे हैं।' उन्होंने कहा कि प्रदर्शन राष्ट्रीय राजधानी में जंतर मंतर पर किया जाएगा। सिद्दरामैया ने राज्य के भाजपा सांसदों से भी इसमें भाग लेने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा, 'संघर्ष भाजपा और कांग्रेस के बीच या भाजपा के खिलाफ नहीं है। यह कर्नाटक से हो रहे अन्याय के खिलाफ है।' उन्होंने यह भी दावा किया कि कन्नड़ लोगों द्वारा दिया गया कर राज्य के मुश्किल वक्त में काम नहीं आया और यह पैसा उत्तरी राज्यों के पास जा रहा है।

सिद्दरामैया ने रविवार को कहा, '15वें वित्त आयोग के बाद कर्नाटक को कर अंतरण हिस्सेदारी में कमी के कारण कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जिससे पिछले चार वर्ष में राज्य को 45,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। यह अन्याय बर्दाश्त नहीं हो सकता।' उन्होंने 'एक्स' पर 'साउथ टैक्स मूवमेंट' हैशटैग के साथ एक पोस्ट में कहा, हम अपने राज्य की भलाई के लिए कन्नड़ भाषियों के साथ उचित व्यवहार और न्याय की मांग करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, 'दक्षिणी राज्यों द्वारा दिए गए कर के ऋणी उत्तरी राज्य कभी हमारे लिए आदर्श नहीं हो सकते। हर किसी को इस मिथ्या विचार से उबरना चाहिए। कठिन परिश्रम से मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर रहा कर्नाटक भारत के लिए एक आदर्श है।' सिद्दरामैया ने आरोप लगाया कि 'विपक्षी दल भाजपा के पास 27 सांसद (एक निर्दलीय और एक जनता दल (एस) समेत) होने के बावजूद उन्होंने संसद में या सरकार के सामने अपना मुंह नहीं खोला है।' उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व कर रहे मंत्रियों ने भी राज्य की चिंताओं को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात नहीं की है।

नई दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन की तैयारियों पर चर्चा करते उपमुख्यमंत्री शिवकुमार

हम कब तक हाथ पर हाथ धरे बैठे रहेंगे : उपमुख्यमंत्री शिवकुमार

बेंगलूरु। कोविड के समय में केंद्र सरकार किसानों और जीएसटी, केंद्रीय योजनाओं के अनुदान, सूखा राहत, नरेगा योजना और सिंचाई विभाग की योजनाओं के मामले में कर्नाटक राज्य के साथ लगातार अन्याय कर रही है। मैं कब तक यह अन्याय देखकर हाथ पर हाथ धरे बैठा रहूँगा? उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने सवाल किया।

विधानसौदा में मुख्यमंत्री सिद्दरामैया के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाले शिवकुमार ने सोमवार को कहा, 'हम सभी को राज्य के कल्याण के लिए लड़ने के लिए एक साथ कदम उठाना होगा। प्रदेश की जनता ने हमें मौका दिया है और उन्हें न्याय दिलाकर उनका कर्ज चुकाना हमारा कर्तव्य है। हम संघ व्यवस्था में विश्वास करते हैं और केंद्र सरकार के साथ समन्वय बनाकर काम कर रहे हैं। हम हर साल पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा किए गए अन्याय को देखते हैं। उनका कहना था कि केंद्र में बीजेपी की सरकार आने के बाद राज्य में भी डबल इंजन की सरकार आएगी तो राज्य का विकास होगा। बीच में डबल इंजन की सरकार भी थी। हमने धैर्यपूर्वक इंतजार किया कि हमारी सरकार केंद्रीय बजट में न्याय देगी। हम उम्मीद कर रहे थे कि कम से कम पिछले साल निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट में घोषित सिंचाई विभाग का अनुदान जारी किया जाएगा।

दस को कर्नाटक जाएंगे अमित शाह, लोकसभा चुनाव के लिए देंगे दिशा निर्देश

बेंगलूरु। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आगामी 10 फरवरी को कर्नाटक पहुंचेंगे, जहां वो पार्टी के प्रदेश इकाई के नेताओं के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर मौजूदा तैयारियों पर चर्चा करेंगे। कर्नाटक बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने कहा कि शाह पार्टी की क्लस्टर बैठक भी करेंगे।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि, 'अमित शाह आगामी लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों के साथ व्यापक चर्चा करेंगे।' उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बीजेपी-जेडीएस के बीच सीट शेयरिंग को लेकर किसी प्रकार की दुविधा नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी पहलुओं पर चर्चा के बाद ही सीट शेयरिंग पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। शीर्ष नेतृत्व ही प्रत्याशियों के नामों पर अंतिम मुहर लगाएगी। इसके साथ ही प्रत्याशियों के चयन के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं के विचारों का भी स्वागत किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा राज्य सरकार ने दुग्ध उत्पादकों का बकाया अभी तक जारी नहीं किया है, जिसकी वजह से प्रदेश में दुग्ध उत्पादन पर प्रभाव पड़ा है। जब येदियुरप्पा मुख्यमंत्री थे, तो दुग्ध उत्पादकों को समय पर सब्सिडी दी जाती थी। 26 लाख किसान मिलकर 85 लाख लीटर दुग्ध का उत्पादन करते थे।

IDBI BANK
आईडीबीआई बैंक लि.,
आईबीयू गिफ्ट सिटी शाखा, गांधीनगर गुजरात
निविदा सूचना
संदर्भः आईडीबीआई बैंक लिमिटेड-पोर्टफोलियो के यथोचित परिश्रम और ऋण/पोर्टफोलियो बिक्री का असाइनमेंट हेतु प्रक्रिया सलाहकार की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध आमंत्रण
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड इसके द्वारा पोर्टफोलियो के यथोचित परिश्रम और ऋण/पोर्टफोलियो बिक्री का असाइनमेंट" हेतु प्रक्रिया सलाहकार की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध आमंत्रित करता है विस्तृत आवश्यकता, नियम और शर्तों वाले प्रस्ताव के लिए अनुरोध आईडीबीआई बैंक लिमिटेड की वेबसाइट www.idbibank.in पर उपलब्ध हैं।
बोली जमा करने की अंतिम तिथि 05 मार्च, 2024 को अपा. 16.00 बजे तक है।
कोई भी शुद्धिपत्र/संशोधन केवल नीचे दी गई वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।
विवरण के लिए कृपया www.idbibank.in पर जाएं
किसी भी प्रश्न के मामले में, कृपया टेलीफोन नं. 07966759930/07966759929 पर संपर्क करें
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड बिना कोई कारण बताए अपने विवेक से किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
कृते आईडीबीआई बैंक लि.
हस्ता/-
महाप्रबंधक

समय आ गया है, कांग्रेस नेतृत्व के लिए गांधी-नेहरू परिवार से बाहर देखे : शर्मिष्ठा मुखर्जी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए पार्टी को आत्मनिरीक्षण का सुझाव देते हुए पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोमवार को यहां पुरजोर शब्दों में कहा कि निश्चित रूप से अब समय आ गया है कि नेतृत्व के लिए कांग्रेस पार्टी गांधी-नेहरू परिवार से बाहर देखे।

शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सोमवार को यहां 17वें जयपुर साहित्योत्सव से इतर 'पीटीआई-भाषा' से विशेष बातचीत में कहा कि लोकसभा में कांग्रेस की सीटों की संख्या भले ही कम हो गई है, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति में बहुत मजबूत उपस्थिति है, क्योंकि वह देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है। कांग्रेस की तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक में सरकार में है।

उन्होंने कहा,' कांग्रेस अभी भी मुख्य विपक्षी दल है। उसका स्थान निर्विवाद है। लेकिन इस उपस्थिति को कैसे मजबूत करना है? ये सवाल है। लेकिन इस पर विचार करना कांग्रेस नेताओं का काम है।' शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कहा कि पार्टी में लोकतंत्र की बहाली, सदस्यता अभियान, पार्टी के भीतर संगठनात्मक चुनाव और नीति निर्णय की प्रक्रिया में हर स्तर पर जमीनी कार्यकर्ताओं को शामिल करने की जरूरत है, जैसा कि पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने भी अपनी डायरी में लिखा है। उन्होंने कहा, 'कोई जादू की छड़ी नहीं है। ये कांग्रेस नेताओं को देखना है कि पार्टी को मजबूत करने के लिए कैसे काम करना है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को बतौर नेता परिभाषित करने संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा,' राहुल गांधी को परिभाषित करना मेरा काम नहीं है। किसी भी व्यक्ति को परिभाषित करना संभव नहीं है। अगर कोई मुझसे मेरे पिता को परिभाषित करने को कहे, तो मैं उनकी भी व्याख्या नहीं कर सकती। व्यक्ति बहुत पेचीदा प्राणी है। उसे परिभाषित करना संभव ही नहीं है। नेतृत्व के सवाल पर उन्होंने कहा, ''इसका जवाब कांग्रेस नेताओं को देना है। लेकिन एक कांग्रेस समर्थक और जिम्मेदार नागरिक होने के नाते मुझे पार्टी की चिंता है । और निश्चित रूप से समय आ गया है कि नेतृत्व के लिए गांधी-नेहरू परिवार से बाहर देखा जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि वह ''कट्टर कांग्रेसी हैं, लोग यकीन करें या न करें ।

कांग्रेस समर्थक होने के नाते पार्टी से अपेक्षाओं को लेकर शर्मिष्ठा ने कहा,' कांग्रेस यह आत्मनिरीक्षण करे कि क्या वह सही मायने में आज पार्टी की विचारधारा को आगे ले जा रही है? बहुलवाद , धर्मनिरपेक्षता, सहिष्णुता, समावेशिता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, जो कांग्रेस के मूल में रहे हैं, क्या व्यवहार में उनका अनुसरण किया जा रहा है? अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ केवल यही नहीं है कि आप अपने नेता का गुणगान करें, और केवल तभी आपको अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता होगी और जिस क्षण पार्टी नेतृत्व की आलोचना करें, तो पूरा इको सिस्टम आपको कठघरे में खड़ा कर दे। क्या यही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है? इन सवालों पर कांग्रेस को गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि क्या आज वह सही मायने में पार्टी की विचारधारा के इन मूल सिद्धांतों को बरकरार रखे हुए है या नहीं । यही मेरा उनसे सवाल है।'

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस' (इंडिया) के भविष्य पर शर्मिष्ठा ने कहा, '' मैं इसे 'इंडी' एलायंस कहूंगी, क्योंकि जब यह बना था, तभी मैंने ट्वीट किया था कि अगर यह फेल हो गया, तो हेडलाइंस क्या होंगी? 'इंडिया ब्रेक्स' । किसी भी राजनीतिक दल को देश का पर्याय नहीं होना चाहिए। यही मेरे दिमाग में विचार आया। इसलिए मैं इसे 'इंडिया' एलायंस नहीं कहती, मैं 'इंडी' एलायंस कहती हूं। इंडिया गठबंधन में नेतृत्व के सवाल पर उन्होंने कहा, 'उन्हें अपने मुद्दे सुलझाने की जरूरत है, जैसे सीट बंटवारे का मुद्दा आदि, लेकिन आम चुनाव तक क्या यह गठबंधन बचा रहेगा, मैं इसका जवाब नहीं दे सकती। जहां तक नेतृत्व का सवाल है, गठबंधन में बहुत से वरिष्ठ नेता हैं, उन्हें स्वयं सुलझाना चाहिए। मैं इसका जवाब नहीं दे सकती।' दिल्ली महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रह चुकीं शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सितंबर 2021 में सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की थी। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया था कि वह कांग्रेस की प्राथमिक सदस्य बनी रहेंगी।

ऑस्कर पुजोल डिसटिंगुइश्ड ट्रांसलेटर अवार्ड से सम्मानित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। संस्कृत और स्पैनिश भाषा में अनुवाद के माध्यम से दोनों भाषाओं के बीच एक घनिष्ठ संबंध कायम करने के लिए ऑस्कर पुजोल को आठवें वाणी फाउंडेशन विशिष्ट अनुवादक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुजोल ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से संस्कृत में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है और उनका भारत के साथ जीवन भर का जुड़ाव रहा है। वह नई दिल्ली और रियो डी जनेरियो के सर्वान्तेस इंस्टीट्यूट के निदेशक और कासा एशिया के शैक्षिक कार्यक्रमों के निदेशक रहे हैं। वह कई पुस्तकों के लेखक और अनुवादक हैं। पुरस्कार के तहत पुजोल को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और एक लाख रूपये की धनराशि प्रदान की गई ।

पुजोल को यहां 17वें जयपुर साहित्योत्सव में रविवार को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ऑस्कर पुजोल ने जिन पुस्तकों की रचना की है उनमें संस्कृत और कैटलन भाषा का पहला शब्दकोश, संस्कृत और स्पेनिश भाषा का शब्दकोश, शंकराचार्य के दर्शन और शास्त्रों पर आधारित स्पेनिश ग्रन्थ शामिल हैं। संस्कृत भाषा के प्रति उनके समर्पण के लिए उन्हें 'कर्मयोगी' और 'भाषा प्रेमी' के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। भगवद्गीता का उनका नवीनतम अनुवाद संस्कृत से स्पेनिश संस्करण 'ला भगवद्गीता' के नाम से प्रकाशित हुआ है।

वाणी प्रकाशन बुक्स और टीमवर्क आर्ट्स द्वारा पुजोल को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार के लिए पुजोल का चयन करने वाली ज्यूरी में जेएलएफ की सह निदेशक और साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित नमिता गोखले, प्रख्यात अनुवादक अरूणव सिन्हा तथा कवि, संगीत एवं सिनेमा विद्वान और आत्मकथा लेखक यतिन्द्र मिश्रा शामिल थे । 'वाणी फाउंडेशन विशिष्ट अनुवादक पुरस्कार' हर साल ऐसे किसी अनुवादक को प्रदान किया जाता है जिसने कम से दो भारतीय या अंतरराष्ट्रीय भाषाओं के बीच सतत एवं उच्च कोटि के अनुवाद कार्य के माध्यम से भाषाई पुल निर्मित करने में योगदान दिया है।

पुजोल से पूर्व यह पुरस्कार डेजी रॉकवेल (2022-2023 हिंदी अंग्रेजी), अरूणव सिन्हा (2021-2022 बांग्ला), रक्षनंदा जलील (2019-2020 उर्दू) और तेजी ग्रोवर (2018 -2019 हिंदी) को प्रदान किया जा चुका है। 2016 में पहला 'वाणी फाउंडेशन विशिष्ट अनुवादक पुरस्कार' मलयालम कवि अडूर रवि वर्मा को प्रदान किया गया था।

भजनलाल शर्मा ने श्रीनाथ जी एवं गिरिराज जी तलहटी मंदिर में दर्शन किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भरतपुर। भरतपुर संभाग के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को पूंछरी का लौठा, गिरिराज जी तलहटी मंदिर, श्रीनाथ जी मंदिर एवं बयाना के झील का बाड़ा स्थित अपनी कुलदेवी कैला देवी मन्दिर के दर्शन किए। मुख्यमंत्री शर्मा ने धर्मपत्नी श्रीमती गीता शर्मा के साथ दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की एवं प्रदेश की ख़ुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने श्रीनाथ जी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया और उनसे आत्मीयतापूर्वक संवाद किया। मंदिर के पुजारी ने मुख्यमंत्री को गिरिराज जी की तस्वीर भी भेंट की।

इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अपने गृह क्षेत्र में जगह-जगह उत्साहपूर्वक भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजन ने माला पहनाकर तथा पुष्प-गुच्छ व शॉल आदि भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक बहादुर सिंह कोली, शैलेश सिंह, सुनौक्षम चौधरी, पूर्व विधायक बच्चू सिंह बंशीवाल, संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश, भरतपुर जिला कलक्टर लोकबंधु, डीग जिला कलक्टर शरद मेहरा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

ईआरसीपी से ज्यादा मिलेगा लिंक प्रोजेक्ट में पानी : शेखावत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर/जोधपुर। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी प्रोजेक्ट पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों (नवीन 21 जिले) के लिए वरदान साबित होगी। लिंक प्रोजेक्ट से राजस्थान को 3677 एमसीएम पानी मिलेगा, जो पहले की ईआरसीपी (3510 एमसीएम) से ज्यादा है। पहले काल्पनिक फिगर था, अब सीडब्ल्यूसी ने वेरीफाई करके पानी तय किया है। उन्होंने कहा कि 40 हजार करोड़ में से 4 हजार करोड़ ही राज्य सरकार पर भार आएगा। नए एमओयू के बाद इस परियोजना का 90 प्रतिशत खर्चा केंद्र सरकार वहन करेगी। परियोजना में पेयजल, इंडस्ट्री और सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था की गई है। शेखावत ने रविवार दोपहर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ प्रोजेक्ट के तहत कोटा और टोंक जिले में बांधों का दौरा भी किया।

संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी)-ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (ईआरसीपी) लिंक प्रोजेक्ट को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में शेखावत ने कहा कि इस प्रोजेक्ट पर राजस्थान और मध्य प्रदेश के बीच समझौता होने के बाद भी विपक्ष द्वारा राजनीति की जा रही है। मुझे उम्मीद थी कि समझौते के बाद प्रधानमंत्री, केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय, राजस्थान के साथ मध्य प्रदेश सरकार की सराहना होगी, लेकिन सराहना की बात तो दूर विपक्ष विधानसभा से लेकर सड़क पर राजनीति करने से बाज नहीं आ रहा है।

तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए शेखावत ने कहा कि राजस्थान की तत्कालीन कांग्रेस सरकार की उदासीनता की वजह से पीकेसी इंटरलिंकेज ऑफ रिवर (आईएलआर) परियोजना का स्वरूप नहीं ले सकी। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के लोगों के प्यासे कंठों पर राजनीति की। लाखों हेक्टेयर संचित हो सकने वाली जमीन के किसानों के अरमानों पर राजनीति की। उल्टा अपनी राजनीतिक आकांक्षाओं की पूर्ति करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री जी के लिए अशोभनीय शब्दों का प्रयोग किया। मुझे तो नकारा, निकम्मा, अर्कमण्य और पता नहीं, कितनी तरह के विभूषणों और आभूषणों से विभूषित करने का काम किया। शेखावत ने कहा कि जनता ने उनको पाप की सजा विधानसभा चुनावों के दौरान दी है।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने केवल 3 जिलों जयपुर, अजमेर और टोंक को 525 एमसीएम पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए नवनेरा-गलवा-बीसलपुर-ईसरदा (एनजीबीआई) लिंक की योजना बनाई थी। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत सिंचाई की कोई घटक नियोजित नहीं थी। अशोक गहलोत ने ईआरसीपी धरातल पर न उतरे, इसके हर तरह के प्रयास किए। उन्होंने 50% निर्भरता के साथ ईआरसीपी की डीपीआर तैयार करने का आदेश दिया था, जो राष्ट्रीय परियोजना के अनुरूप नहीं था, क्योंकि राष्ट्रीय दिशा-निर्देशों के अनुसार 75% निर्भरता के साथ परियोजना को योजनाबद्ध किया जाना चाहिए था। यहां तक की मप्र के तत्कालीन कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी एनओसी नहीं दी।

राजस्थान के कई इलाकों में हुई बारिश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते राजस्थान के कई इलाकों में बारिश का दौर जारी है। राजधानी जयपुर में रविवार को एक ही दिन में 22 मिलीमीटर से अधिक बारिश हुई जो दस साल में सबसे अधिक है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार पिछले 24 घंटों में राज्य के कुछ भागों में मेघ गर्जन के साथ हल्के से मध्यम बारिश हुई। इस दौरान पूर्वी राजस्थान में सर्वाधिक 35 मिलीमीटर बारिश धौलपुर में और पश्चिमी राजस्थान के बिलाड़ा, जोधपुर में 18 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

इस दौरान राजधानी जयपुर में 22.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई जो पिछले 10 साल में फरवरी में किसी एक दिन में दर्ज की गई सर्वाधिक बारिश का रिकॉर्ड है। इसके अनुसार सोमवार से राज्य में मेघ गर्जन और बारिश की गतिविधियों में कमी होगी। हालांकि, कोटा संभाग में सोमवार को भी आंशिक बादल छाए रहने और केवल बूंदाबांदी होने की संभावना है। शेष अधिकांश भागों में अगले पाच-छह दिन मौसम सामान्य तौर पर शुष्क रहेगा। मौसम में आये बदलाव के कारण अगले दो तीन दिन में न्यूनतम तापमान में दो-चार डिग्री गिरावट होने और उत्तरी भागों में कहीं-कहीं घना कोहरा होने की संभावना है।

सरकारी स्कूलों में खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए खास पहल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के स्कूलों में खेलकूद को बढ़ावा देने और खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग और स्टेयर्स फाउंडेशन (राष्ट्रीय खेल संवर्धन संगठन-एनएसपीओ के सहयोग और आईटीसी के सौजन्य से) प्रदेश में एक अभिनव पहल के तौर पर बाउंस ऑफ जॉय कार्यक्रम लॉन्च किया गया है। इसकी शुरुआत सोमवार को स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने की। इस रणनीतिक साझेदारी से प्रदेश के स्कूलों में खेलों के माध्यम से समग्र विकास को बढ़ावा दिया जाएगा।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव जैन ने कहा कि 'बाउंस ऑफ जॉय' कार्यक्रम के माध्यम से हमारी स्कूलों के शारीरिक शिक्षकों विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे विद्यालयों में युवा खेल प्रतिभाओं को तराश कर मैदान के अंदर और बाहर चैंपियनों की एक पीढ़ी का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि खेलों को शिक्षा में एकीकृत करने से न केवल शारीरिक कल्याण को बढ़ावा मिलता है, बल्कि इससे विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम वर्क और लचीलापन के गुणों का विकास होता है। यह एक मजबूत खेल राष्ट्र के रूप में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।

शासन सचिव ने कहा कि 'बाउंस ऑफ जॉय' कार्यक्रम के तहत पूरे राजस्थान में 100 स्कूल और 132 शारीरिक शिक्षा शिक्षकों का पायलट चरण में 'नीडकृगेप एनालिसिस' के आधार पर चयन किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समर्पित कोच और प्रशिक्षित शारीरिक शिक्षा शिक्षकों का यह बैच स्कूलों में खेलकूद को प्रोत्साहन देते हुए प्रदेश में खेलों में की सफलता नई कहानी लिखेगा। इस कार्यक्रम के लिए चयनित शारीरिक शिक्षा शिक्षक 'बाउंस ऑफ जॉय' के पीछे प्रेरक शक्ति के रूप में काम करेंगे।

राजस्थान में खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण को दोहराते हुए, आईटीसी लिमिटेड के सीओओ, अली हैरिस शेरे ने कहा कि राजस्थान के स्कूल शिक्षा विभाग और स्टेयर्स फाउंडेशन के साथ साझेदारी इस परिवर्तनकारी पहल को शुरू करते हुए आईटीसी को बहुत गर्व है। यह कार्यक्रम युवा विकास और सामुदायिक भागीदारी के लिए आईटीसी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

आरक्षण की मांग कर रहे जाट समुदाय की धमकी, 'मुंबई-दिल्ली रेलवे ट्रैक कर देंगे ब्लॉक'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। आरक्षण की मांग कर रहे जाट समुदाय ने धमकी दी है कि अगर केंद्र सरकार की ओर से उन्हें 7 फरवरी को वार्ता के लिए नहीं बुलाया गया, तो वो राजस्थान के भरतपुर जिले के मुंबई-दिल्ली रेलवे ट्रैक को ब्लॉक कर देंगे। नेम सिंह फौजदार ने कहा, ''यह जाट समुदाय के महापड़ाव का 20वां दिन है। अब हमने आगामी 7 फरवरी को दोपहर 12 बजे दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक को जाम करने का फैसला किया है।

अभी तक हमें केंद्र की ओर से बातचीत के लिए किसी भी प्रकार का निमंत्रण नहीं मिला है। लिहाजा, अब जाट समुदाय ने रेलवे ट्रैक को ब्लॉक करने का फैसला किया है।' फौजदार ने आगे कहा, 'केंद्र सरकार से ओबीसी समुदाय को आरक्षण दिलाने की मांग को लेकर इस आंदोलन की शुरुआत 17 जनवरी को हुई थी। रविवार को जाट समुदाय ने केंद्र सरकार को चेतावनी देने के बाद अनशन शुरू किया था, जिसमें हजारों लोगों ने हिस्सा लिया था। यह अनशन तीन दिनों तक जारी रहेगा। अगर हमारी मांगों की पूर्ति नहीं की गई, तो हम रेलवे ट्रैक पर आंदोलन शुरू करेंगे।

भ्रष्ट कार्मिकों को नहीं बख्शा जाएगा : भजनलाल

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को यथा संभव प्रोत्साहित किया जाएगा तथा जो भी कार्मिक भ्रष्टाचार अथवा कदाचार में लिप्त पाया जाएगा उसे किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री शर्मा ने यह स्पष्ट संदेश देते हुए पुलिस में उल्लेखनीय कार्य करने पर कोटा रेंज के उप निरीक्षक रामस्वरूप मीना को साहसिक कार्य के लिए पुलिस निरीक्षक पद पर विशेष पदोन्नति प्रदान करने की अनुशंषा की है।

लॉरेंस व रोहित गोदारा गैंग का सक्रिय गुर्गा गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की सूचना पर जोधपुर ग्रामीण जिले में थाना खेड़ापा व डीएसटी द्वारा लॉरेंस व रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय सदस्य भैरू सिंह पुत्र अनोप सिंह निवासी पेमासर थाना बीछवाल जिला बीकानेर हाल जोड़किया थाना हनुमानगढ़ टाउन को गिरफ्तार कर 100 ग्राम अफीम का दूध, एक पिस्टल व दो राउंड बरामद किये है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध एवं एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) दिनेश एमएन ने बताया कि आईजी प्रफुल्ल कुमार के सुपरविजन एवं एडिशनल एसपी एजीटीएफ विद्या प्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम के सदस्य कांस्टेबल अरुण कुमार व कुलदीप सिंह को शनिवार को लॉरेंस गैंग के सक्रिय गुर्गे भैरू सिंह के बारे में सूचना मिली कि कि वह किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना को विकसित किया तो उसके जोधपुर ग्रामीण जिले में होने की जानकारी मिली।

सूचना की पुष्टि होने के बाद जोधपुर ग्रामीण जिले की थाना खेड़ापा व डीएसटी को अवगत कराया गया। रविवार को बावड़ी-अणवाणा रोड़ पर श्मशान घाट की दीवार के पास एक व्यक्ति पीठ पर बैग लटकाए रोड के बाएं तरफ खड़ा दिखाई दिया।

पुलिस वाहन को देख दीवार को फांद कर नीचे कूद भागने की कोशिश में उसके दाएं पैर में चोट लग गई। नाम पूछा गया तो अपना नाम भेरू सिंह पुत्र अनोप सिंह निवासी पेमासर थाना बीछवाल हाल थाना हनुमानगढ़ जंक्शन बताया। पुलिस ने आरोपी की तलाशी ली तो उसकी पेंट की दाहिने जेब से 100 ग्राम अफीम का दूध मिला। बैग की तलाशी में एक पिस्टल मिली, जिसकी मैगजीन में दो राउंड थे। इस पर आर्म्स व एनडीपीएस एक्ट में आरोपी को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

एडीजी एमएन ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश भैरू सिंह लॉरेंस व रोहित गोदारा गैंग के लिए अवैध वसूली कर रहा है। पूर्व में हुए वासुदेव सिंधी मर्डर कांड में भी भैरू सिंह शामिल रहा है।

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सोमवार को जोधपुर में पूर्व सांसद मानवेन्द्र सिंह जसोल की पत्नी चित्रा सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीमती दीया कुमारी ने शोक सभा में पहुंचकर श्रीमती चित्रा सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया एवं शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी।

ज्ञानवापी मस्जिद के 'साइन बोर्ड' पर मंदिर का स्टिकर चिपकाने के आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

वाराणसी(उप्र)/भाषा। वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद के 'साइन बोर्ड' पर मस्जिद की जगह कथित तौर पर मंदिर का स्टिकर चिपकाने वाले 'हिंदू समाज पार्टी' के प्रदेश सचिव पर धार्मिक भावनाएं भड़काने सहित अन्य मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस की एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। वाराणसी पुलिस आयुक्तालय की सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) प्रज्ञा पाठक ने बताया कि एक अदालत के आदेश के बाद ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा पाठ शुरू होने के बाद एक वीडियो सामने आया था। उन्होंने कहा कि इस वीडियो में एक व्यक्ति ज्ञानवापी मस्जिद के 'साइन बोर्ड' पर मस्जिद की जगह मंदिर का स्टिकर चिपकाते हुए देखा गया था। पाठक ने बताया कि उस व्यक्ति की पहचान 'हिंदू समाज पार्टी' के प्रदेश सचिव रोशन पांडेय के रूप में हुई है।

'इंडिया' गठबंधन सत्ता में आने पर आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटा देगा : राहुल गांधी

रांची/भाषा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर राष्ट्रव्यापी जाति आधारित जनगणना कराने और आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाने का सोमवार को वादा किया। गांधी ने यह आरोप भी लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)-कांग्रेस- राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सरकार को गिराने का प्रयास किया, क्योंकि मुख्यमंत्री एक आदिवासी थे। गांधी ने यहां शहीद मैदान में आयोजित एक रैली में कहा, गठबंधन के सभी विधायकों, (चंपई) सोरेन जी को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने भाजपा-आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) की साजिश को रोक दिया और गरीबों की सरकार की रक्षा की। गांधी ने दावा किया कि दलितों, आदिवासियों, अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) को बंधुआ मजदूर बनाया गया और बड़ी कंपनियों, अस्पतालों, विद्यालयों, महाविद्यालयों और अदालतों में उनकी भागीदारी नहीं है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, यह भारत के सामने सबसे बड़ा सवाल है। हमारा पहला कदम देश में जाति आधारित जनगणना कराना होगा। गांधी ने कहा कि मौजूदा प्रावधानों के तहत 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण नहीं दिया जा सकता। उन्होंने वादा किया कि 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की सरकार आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को हटा देगी। गांधी ने कहा, दलितों और आदिवासियों के आरक्षण में कोई कटौती नहीं होगी। मैं आपको गारंटी दे रहा हूं कि समाज के पिछड़े वर्गों को उनका अधिकार मिलेगा।

राशन घोटाले में गिरफ्तार टीएमसी नेता आध्या ने विदेशी बैंक खातों में पैसा भेजा : ईडी

कोलकाता/भाषा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपए के कथित राशन घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शंकर आध्या ने दुबई स्थित एक कंपनी के खाते में धन भेजा। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बनगांव नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष आध्या की भारत-बांग्लादेश सीमा पर पेट्रापोल इलाके में विदेशी मुद्रा विनियम की एक कंपनी है, और उनके रिश्तेदार भी ऐसी करीब 90 कंपनियों का संचालन करते हैं, जिनका इस्तेमाल देश से बाहर पैसे भेजने में किया जाता है। उन्होंने कहा कि टीएमसी नेता ने दुबई में एक कंपनी खोली, जिसे अक्टूबर 2023 में गिरफ्तार घोटाले के एक अन्य आरोपी बाकीबर रहमान की मदद से अपने बेटे के नाम पंजीकृत कराया। उन्होंने कहा कि आध्या दुबई स्थित कंपनी के खाते में मोटी रकम भेजने में शामिल रहे हैं।

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट पेश

प्रभु श्रीराम को समर्पित बजट उप्र के समग्र और संतुलित विकास का आर्थिक दस्तावेज है : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लखनऊ/भाषा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विधानसभा में पेश बजट को प्रभु श्रीराम को समर्पित करते हुए कहा कि प्रदेश के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा बजट राज्य के समग्र और संतुलित विकास का एक आर्थिक दस्तावेज है।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा आज विधानसभा में बजट पेश करने के बाद मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी सरकार का यह आठवां बजट है और हर साल बजट किसी न किसी विषय (थीम) पर आधारित होता है। उन्होंने कहा कि इस बार यह बजट प्रभु श्रीराम को समर्पित है। उन्होंने कहा, आज का बजट प्रभु श्रीराम को समर्पित है। बजट की शुरुआत में, उसके मध्य में और अंत में प्रभु श्री राम हैं तथा बजट के संकल्प के एक-एक शब्द में श्री राम हैं क्योंकि श्रीराम लोकमंगल के पर्याय हैं। लोकमंगल के प्रति समर्पित यह बजट भी प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास का एक आर्थिक दस्तावेज है। मुख्यमंत्री ने कहा, हम सब जानते हैं कि आस्था, अंत्योदय और अर्थव्यवस्था को समर्पित हमारा आज का सात लाख 36 हजार 437 करोड़ रुपए का यह बजट उत्तर प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में बजट में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। बजट के आकार में बढ़ोतरी प्रदेश की अर्थव्यवस्था को विस्तार देने की 'डबल इंजन' सरकार (केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार) की प्रतिबद्धता को प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा, बजट में कुछ चीजें हैं जो हम सबके लिए बहुत मायने रखती हैं। पहली बार दो लाख तीन हजार 782 करोड़ रुपए का प्रावधान पूंजीगत व्यय के लिए किया गया है। यानी यह इस बात को प्रदर्शित करता है कि मूलभूत ढांचे पर जब धनराशि खर्च होगी तो वह रोजगार का सृजन तो करेगा ही साथ ही अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। हमारी सरकार शुरू से ही इस बात पर ध्यान देती रही है कि हमें समग्र विकास की अवधारणा पर कार्य करना है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''आज उप्र देश में दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन चुका है। ऐसा इसलिए संभव हो सका है क्योंकि सरकार ने ना केवल कर चोरी को रोका है, बल्कि राजस्व में लीकेज को समाप्त करने के लिए जो भी उपाय हो सकते थे उसे सरकार के विभिन्न विभागों ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ किया है।

व्यास जी के तहखाने में पूजा पर रोक लगाने की याचिका पर आठ होगी सुनवाई

वाराणसी (उप्र)/भाषा। वाराणसी की एक अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में पूजा पर रोक लगाने की मांग करने वाली इंतेजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका पर सुनवाई के लिए आठ फरवरी की तारीख तय की है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला जज के आदेश के बाद व्यास जी के तहखाने में शुरू की गई पूजा को रोकने के लिए इंतेजामिया मस्जिद कमेटी की ओर से एक फरवरी को जिला जज की अदालत में अर्जी दी गई थी। अर्जी में कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को लेकर पुनरीक्षण याचिका दाखिल की जाएगी। जिला जज की अदालत में हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने अदालत के प्रभारी न्यायाधीश अनिल कुमार (पंचम) के समक्ष आपत्ति जताते हुए कहा कि जब इस मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय में चल रही है, तो इसे यहां सुनने का कोई औचित्य नहीं है। इस मामले में उच्च न्यायालय में सुनवाई को देखते हुए प्रभारी जिला जज ने यहां मामले की सुनवाई के लिए आठ फरवरी की तारीख तय की है।

राजग की ओर से कोई पेशकश नहीं की गई : सिद्धार्थ सौरव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पटना/भाषा। बिहार में सियासी बदलाव के बीच कांग्रेस विधायकों के साथ तेलंगाना जाने से इनकार करने वाले पार्टी विधायक सिद्धार्थ सौरव ने सोमवार को दावा किया कि उन्हें भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की तरफ से कोई पेशकश नहीं की गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 'महागठबंधन' से अलग होकर राजग के साथ सरकार बनाने के चलते विधायकों की कथित खरीद-फरोख्त से बचने के लिए कांग्रेस ने अपने विधायकों को तेलंगाना भेजने का फैसला किया था।

सौरव ने दावा किया कि वह पूरी मजबूती से कांग्रेस के साथ हैं और ''अपने निर्वाचन क्षेत्र में व्यस्तताओं के कारण'' उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ दिल्ली में बैठक और हैदराबाद की यात्रा के लिए पार्टी विधायकों के साथ नहीं जाने का फैसला किया। सौरव ने दावा किया, यह शादी का मौसम है और इस दौरान सभी जनप्रतिनिधि अपने निर्वाचन क्षेत्र में मौजूद रहना और जरूरतमंद लोगों की मदद करना पसंद करते हैं। दिल्ली में बैठक के लिए फोन आने पर मैंने पार्टी नेतृत्व को अपना निर्णय बता दिया था और वे इससे सहमत थे।

बिक्रम विधानसभा क्षेत्र से विधायक ने कहा कि उनके या बिहार में किसी अन्य कांग्रेस विधायक के राजग में जाने का कोई सवाल ही नहीं है। सौरव ने कहा, भाजपा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जद (यू) ने मिलकर बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके अलावा, उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी के चार विधायकों का भी समर्थन प्राप्त है। उन्हें विपक्षी खेमे से विधायकों को तोड़ने की कोशिश करने की जरूरत नहीं है।

भारत ने इंग्लैंड को 106 रन से हराकर श्रृंखला में की शानदार वापसी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

विशाखापत्तनम/भाषा। जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को इंग्लैड को 106 रन से हराकर शानदार वापसी की। जीत के लिए 399 रन का पीछा कर रही इंग्लैंड की दूसरी पारी 292 रन पर समेट कर भारतीय गेंदबाजों ने उनके 'बैजबॉल' के तमगे पर कड़ा प्रहार किया। इस जीत से भारत ने श्रृंखला को 1-1 से बराबर कर लिया।

भारतीय टीम ने युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के 209 रन के दम पर पहली पारी में 396 रन बनाने के बाद इंग्लैंड की पहली पारी को 253 रन पर समेट दिया था।

दूसरी पारी में शुभमन गिल (104) शतक जड़कर लय हासिल करने में सफल रहे। उनकी पारी से टीम 255 रन बनाकर इंग्लैंड को बड़ा लक्ष्य देने में सफल रही।

इंग्लैंड ने हैदराबाद में खेले गए पहले मैच को 28 रन से जीता था। श्रृंखला का तीसरा मैच राजकोट में 15 फरवरी से खेला जाएगा। रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, आप जानते हैं कि इन परिस्थितियों में टेस्ट जीतना आसान नहीं है। (मैं) चाहता था कि हमारे गेंदबाज जिम्मेदारी ले और उन्होंने ऐसा किया।

इंग्लैड के लिए जैक क्राउली ने 73 रन की पारी खेली। उन्होंने इस दौरान अपनी पारी में धैर्य और आक्रमण का शानदार मिश्रण दिखाते हुए 132 गेंद की पारी में आठ चौके और एक छक्का जड़ा।

भारत के लिए पहली पारी में छह विकेट चटकाने वाले मैन ऑफ द मैच बुमराह ने इस पारी में 46 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि रविचंद्रन अश्विन ने 72 रन देकर तीन सफलता हासिल की। वह हालांकि टेस्ट में 500 विकेट का कारनामा पूरा नहीं कर सके और इस रिकॉर्ड से एक विकेट दूर है। अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और मुकेश कुमार को एक-एक सफलता मिली।

इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 67 रन से की। टीम ने पहले सत्र में तेजी से 127 रन बनाए लेकिन भारत ने इस दौरान पांच महत्वपूर्ण विकेट हासिल कर मैच पर अपना दबदबा कायम कर लिया।

हमने कभी पूरी तरह से स्पिनरों की मददगार पिच की मांग नहीं की : द्रविड़

विशाखापत्तनम/भाषा। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने सोमवार को कहा कि टीम प्रबंधन घरेलू मैदान पर खेलते समय 'रैंक टर्नर (स्पिनरों के लिए अधिक मददगार पिच)' की मांग नहीं करता है और यह अनुमान लगाना कठिन है कि टेस्ट में पांच दिनों के दौरान कोई विशेष पिच कैसा बर्ताव करेगी। इससे पहले 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ और पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के ज्यादातर मैच स्पिनरों की मददगार पिच पर खेले गए थे और अधिकतर मुकाबले तीन के अंदर खत्म हुए थे।

इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला के पहले दो टेस्ट चार दिनों तक चले हैं। हैदराबाद की पिच थोड़ी धीमी गति की थी जबकि विशाखापत्तनम में अधिकांश समय के दौरान पिच सपाट रही। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में जीत दर्ज करने के बाद द्रविड़ से जब पूछा गया कि आने वाले तीन मैचों की पिच विशाखापत्तनम की तरह होगी तो उन्होंने कहा कि अन्य लोगों की तरह उन्हें भी इस विषय पर कोई जानकारी नहीं है।

द्रविड़ ने कहा, क्यूरेटर पिच तैयार करते है। 'हम 'रैंक टर्नर' नहीं मांगते। जाहिर तौर पर भारत में पिचों पर गेंद टर्न लेगी। लेकिन गेंद कितना टर्न लेगी, मैं विशेषज्ञ नहीं हूं। भारत में चार या पांच दिनों के दौरान पिच से स्पिनरों को मदद मिलती है।

सर्वधर्म प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। इंडियन माइनॉरिटीज फाउंडेशन के तत्वावधान में 24 धार्मिक नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और बाद में कहा कि वे भारत में अंतरधार्मिक एकता का संदेश बाहरी दुनिया तक पहुंचाना चाहते हैं।

प्रतिनिधिमंडल में सिख, जैन, ईसाई और पारसी समुदायों का प्रतिनिधियों के अलावा अखिल भारतीय इमाम संगठन के प्रमुख इमाम उमर अहमद इलियासी और महाबोधि इंटरनेशनल मेडिटेशन सेंटर के संस्थापक अध्यक्ष भिक्खू संघसेना शामिल थे। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट किया, आज संसद में धार्मिक नेताओं के प्रतिनिधिमंडल से मिलकर खुशी हुई। मैं हमारे देश के विकास को लेकर उनके दयालु शब्दों के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। प्रधानमंत्री ने बैठक की कुछ तस्वीरें भी साझा की।

भारतीय सर्व धर्म संसद के गोस्वामी सुशील भी उस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। इसके सदस्यों ने बैठक के बाद मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की।

इलियासी ने कहा, हम यह संदेश देना चाहते हैं कि मानवता सबसे बड़ा धर्म है। हम भारत में रहते हैं और हम भारतीय हैं। हमें देश को मजबूत बनाना है। हमने यह संदेश भी दिया है कि हम सभी एकजुट हैं। संघसेना ने कहा कि नए संसद भवन का दौरा करना और प्रधानमंत्री मोदी तथा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ संक्षिप्त बातचीत करना ऐतिहासिक क्षण था। संघसेना ने कहा, हम सभी को देश की समृद्धि के लिए मिलकर काम करना होगा।

हाल ही में राज्यसभा के लिए मनोनीत हुए और बैठक के आयोजन में अहम भूमिका निभाने वाले सतनाम सिंह संधू ने कहा कि वे बाहरी दुनिया को यह संदेश देना चाहते हैं कि भारत एक राष्ट्र के तौर पर एकजुट है और सरकार 'राष्ट्र प्रथम' और 'सबका साथ, सबका विकास' के ध्येय वाक्य के साथ काम कर रही है।

झारखंड में 'ऑपरेशन लोटस' विफल हुआ: कांग्रेस

नई दिल्ली/भाषा। कांग्रेस ने झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार के बहुमत साबित करने के बाद सोमवार को कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का 'ऑपरेशन लोटस' विफल रहा है तथा यह जनता की ताकत को साबित करता है। चंपई सोरेन सरकार ने सोमवार को सदन में विश्वासमत हासिल कर लिया।

कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, झारखंड विधानसभा में 'इंडिया' गठबंधन का विश्वास मत हासिल करना लोगों की शक्ति को साबित करता है। हम लोकप्रिय रूप से चुनी हुई सरकार हैं और ईडी लोगों की आवाज को खत्म नहीं कर सकता। ईडी जैसी एजेंसियों का उपयोग करके लोकतंत्र को नष्ट करने के केंद्र के फासीवादी प्रयासों का पूरी ताकत से विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा, उन्होंने (भाजपा ने) झारखंड के आदिवासियों, पिछड़ों और गरीबों की सरकार पर हमला किया और लोस चुनाव में उन्हें उनके गुस्से का सामना करना पड़ेगा!''

अगर भ्रष्टाचार के आरोप साबित हुए तो राजनीति छोड़ दूंगा: हेमंत सोरेन ने भाजपा को दी चुनौती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रांची/भाषा। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप साबित करने की चुनौती देते हुए कहा कि अगर आरोप साबित हो गए तो वह राजनीति छोड़ देंगे। विधानसभा में झारखंड के नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन द्वारा पेश किए विश्वास प्रस्ताव में भाग लेते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र द्वारा साजिश रचे जाने के बाद राजभवन ने उनकी गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभायी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले में पिछले सप्ताह हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद झामुमो के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने दो फरवरी को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। हेमंत सोरेन ने कहा, मैं भाजपा को मेरे खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप साबित करने की चुनौती देता हूं। अगर आरोप साबित हुए तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। सोरेन अभी ईडी की हिरासत में हैं। उन्हें विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत ने विश्वास मत में हिस्सा लेने की अनुमति दी है। हेमंत सोरेन ने कहा, 31 जनवरी का दिन भारत के इतिहास में एक काला अध्याय है। राजभवन के आदेश पर एक मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया गया...भाजपा झारखंड में किसी आदिवासी मुख्यमंत्री को पांच साल का कार्यकाल पूरा करते नहीं देखना चाहती, उन्होंने अपनी सरकारों में ऐसा नहीं होने दिया।

राहुल गांधी ने रांची में सोरेन की पत्नी से मुलाकात की

रांची/भाषा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से मुलाकात की।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि गांधी ने यहां एचईसी कॉम्प्लेक्स के ऐतिहासिक शहीद मैदान में एक जनसभा से कुछ मिनट पहले कल्पना सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा-कांग्रेस-राजद-भाकपा (माले) गठबंधन के विधानसभा के पटल पर भाजपा और उसके सहयोगियों को हराने के बाद यह मुलाकात की है। रमेश ने कल्पना सोरेन के साथ गांधी की तस्वीर भी साझा की। इससे पहले हेमंत सोरेन ने भाजपा को उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप साबित करने की चुनौती देते हुए कहा कि अगर आरोप साबित हो गए, तो वह राजनीति छोड़ देंगे। विधानसभा में अपने उत्तराधिकारी चंपई सोरेन द्वारा लाए गए विश्वास प्रस्ताव में भाग लेते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन ने यह आरोप भी लगाया कि केंद्र द्वारा रची गई साजिश के बाद राजभवन ने उनकी गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इंग्लैंड जैसी मजबूत टीम के खिलाफ युवा खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन पर गर्व : कप्तान रोहित शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

विशाखापत्तनम/भाषा। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट को 106 रन से जीतकर श्रृंखला 1-1 से बराबर करने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि इस मजबूत टीम के खिलाफ युवा खिलाड़ियों का ऐसा प्रदर्शन आत्मविश्वास बढ़ाने वाला है। जीत के लिए 399 रन का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 292 रन पर आउट हो गई।

रोहित ने पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले युवा यशस्वी जायसवाल और मैच में नौ विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में मैन ऑफ द मैच बुमराह के बारे में पूछे जाने पर कहा, वह हमारे लिए एक चैंपियन खिलाड़ी है। वह पिछले कुछ समय से हमारे लिए यह काम कर रहा है। जब आप इस तरह का मैच जीतते हैं तो आपको समग्र प्रदर्शन को देखना होता है। हम जानते हैं कि इन परिस्थितियों में टेस्ट मैच जीतना आसान नहीं होगा, गेंदबाजों ने अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभाई।

पहली पारी में 209 रन बनाने वाले जायसवाल के बारे में उन्होंने कहा, वह अच्छा खिलाड़ी है और अपने खेल को अच्छे से समझता है। उसे लंबा सफर तय करना है। जाहिर है कि यह एक विशेष पारी थी। उनके पास टीम को देने के लिए बहुत कुछ है, मुझे उम्मीद है कि वह विनम्र बना रहेगा। भारतीय कप्तान ने कहा कि यह पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी लेकिन कई बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके। उन्होंने कहा, पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी। बहुत से बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की लेकिन बड़ा स्कोर नहीं बना सके।

विराट कोहली, रविंद्र जडेजा की गैरमौजूदगी में इस भारतीय टीम में आठ खिलाड़ियों ऐसे थे जिसका टेस्ट में कुल अनुभव 68 मैच का था।

रोहित ने कहा, इस टीम में कई युवा हैं, इस प्रारूप में नए हैं और उन्हें सामंजस्य बिठाने में कुछ समय लगेगा। यह जीत हमें काफी आत्मविश्वास देती है। ऐसी युवा टीम के साथ मुकाबला करने पर मुझे बहुत गर्व है। यह हमारे लिए बहुत सकारात्मक है। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड की टीम अच्छा खेल रही है और यह आसान श्रृंखला नहीं होगी।

हमें लक्ष्य हासिल करने का भरोसा था: बेन स्टोक्स

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

विशाखापत्तनम/भाषा। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच को गंवाने के बाद सोमवार को यहां कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि उनकी टीम जीत के लिए 399 रन का लक्ष्य हासिल कर लेगी।

पिछले कुछ समय से टेस्ट मैचों में आक्रामक बल्लेबाजी कर रही इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 292 रन पर आउट होकर लक्ष्य से 106 रन दूर रह गई। स्टोक्स ने पुरस्कार समारोह में कहा, हमें खुद पर पूरा भरोसा था कि हम लक्ष्य का पीछा कर सकते हैं। जिस तरह से हम चुनौतियों का सामना करते हुए आगे बढ़े हैं यह उसी के बारे में है। हमारी टीम में ऐसे खिलाड़ी है जो दबाव में और बेहतर प्रदर्शन करते हैं। स्टोक्स ने कहा कि उनकी टीम भारत पर दबाव बनाने में सफल रही लेकिन मैच को विजेता के तौर पर खत्म नहीं कर सकी। उन्होंने कहा, जिस तरह से हमने खुद को इन परिस्थितियों में ढाला और भारत को दबाव में रखा वह बहुत अच्छा था, दुर्भाग्य से हम परिणाम अपने पक्ष में नहीं कर सके। स्टोक्स ने कहा, लक्ष्य का पीछा करने के लिए मैंने खिलाड़ियों को कोई सुझाव नहीं दिया था।

सुविचार

हम वो हैं जो हमें हमारी सोच ने बनाया है, इसलिए इस बात का ध्यान रखिये कि आप क्या सोचते हैं। शब्द गौण हैं, विचार रहते हैं, वे दूर तक यात्रा करते हैं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

हनीट्रैप: सतर्कता है जरूरी

मास्को स्थित भारतीय दूतावास में कार्यरत एक कर्मचारी पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने का आरोप अत्यंत गंभीर है। हाल के वर्षों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें आईएसआई ने 'हनीट्रैप' के जरिए किसी भारतीय नागरिक को लालच दिया और फिर उससे देश-विरोधी कृत्य करवाया। अशांति, अलगाववाद और आतंकवाद फैलाने के लिए कुख्यात आईएसआई के लिए अब भारत की जासूसी करवाने का काम पहले की तुलना में काफी आसान हो गया है। उसने इसके लिए इंटरनेट का भरपूर इस्तेमाल किया है। पहले जहां ऐसे कामों में काफी समय और संसाधन लगते थे, अब महज कुछ बटन दबाने से सबकुछ हो जाता है। एक ओर जहां मोबाइल फोन व इंटरनेट ने आईएसआई जैसी एजेंसियों के लिए काफी आसानी पैदा कर दी है, वहीं भारत के आम नागरिकों व सरकारी कर्मचारियों (विशेष रूप से वे, जो संवेदनशील स्थानों पर तैनात हैं) के लिए चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। पिछले तीन वर्षों में हनीट्रैप के जितने भी मामले सामने आए हैं, उनमें से ज्यादातर में एक ही तरीका इस्तेमाल किया गया है। पहले सोशल मीडिया पर महिला के नाम और सुंदर चित्र के साथ (फर्जी) अकाउंट बनाया जाता है। फिर उससे भारतीय नागरिकों को जोड़ने की कोशिश की जाती है। उसके बाद 'दोस्ती' बढ़ाकर ऐसे तरीके से जानकारी हासिल की जाती है कि संबंधित व्यक्ति को भी पता नहीं चलता कि उसने राष्ट्रीय सुरक्षा को कितने बड़े खतरे में डाल दिया है!

प्राय: आईएसआई हनीट्रैप के लिए ऐसे व्यक्ति को 'शिकार' बनाने की कोशिश करती है, जिससे उसे भारत की सुरक्षा व्यवस्था एवं सामरिक महत्त्व से जुड़ी जानकारी हासिल हो। इसलिए ऐसे स्थानों पर तैनात कर्मचारियों को तो सतर्क रहना ही चाहिए। साथ ही आम लोगों को भी सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हुए सावधान रहना चाहिए। चूंकि ऐसे मामले आ चुके हैं, जिनमें आईएसआई द्वारा भारत के आम लोगों से जानकारी हासिल करना पाया गया। उन्हें 'रूपजाल' और धन का लालच देकर सरहदी इलाकों, ट्रेनों की आवाजाही, बिजली घर, पेट्रोल पंपों, अस्पताल और आस-पास के इलाकों के नक्शों की जानकारी लेने की कोशिश की जाती है। सामान्य व्यक्ति यही सोचता है कि ये स्थान राष्ट्रीय सुरक्षा से नहीं जुड़े हैं, लेकिन ऐसा सोचना भ्रम है। इन स्थानों से संबंधित जानकारी का दुरुपयोग हो सकता है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। ऐसे में आम नागरिकों को तो विशेष रूप से चौकन्ना रहना चाहिए। सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्ति से 'दोस्ती' करने से परहेज ही करें। अगर उस अकाउंट से धन की पेशकश की जाए या किसी तरह का प्रलोभन देकर कोई जानकारी मांगी जाए तो यह खतरे की घंटी है। ताज्जुब इस बात पर होता है कि आईएसआई की 'महिला' एजेंटों के जाल में ऐसे लोग भी फंस जाते हैं, जिनसे अपेक्षा की जाती है कि उन्हें तो दुश्मन के 'हथकंडों' की ज़रूर जानकारी होगी। पिछले कुछ वर्षों में हनीट्रैप के कई मामले सामने आने के बाद संबंधित विभागों, दफ्तरों में अधिकारियों व कर्मचारियों को सजग रहने की हिदायत दी गई है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कार्यशालाएं भी आयोजित करवाई जाती हैं, जिनमें बताया जाता है कि दुश्मन देशों की एजेंसियां कैसे-कैसे नापाक हथकंडे अपनाकर जानकारी हासिल करने की फिराक में रहती हैं। फिर भी ऐसी घटनाएं हो जाती हैं! हालांकि उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते की तारीफ करनी होगी, जिसने आईएसआई के इस 'जाल' को सतर्कता और तकनीकी कौशल से खूब काटा है। इसके अधिकारियों ने अपनी सूझबूझ से देश को बड़े नुकसान से बचा लिया।

ट्वीटर टॉक

इंदिरा जी की सोच भी नेहरू से ज्यादा अलग नहीं थी। उन्होंने लाल किले से कहा था- दुर्भाग्यवश हमारी आदत ये है कि जब कोई शुभ काम पूरा होने को होता है तो हम आत्मसंतुष्टि की भावना से ग्रस्त हो जाते हैं और जब कोई कठिनाई आ जाती है तो हम नाउम्मीद हो जाते हैं।

-नरेन्द्र मोदी

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बहरोड़ और अलवर में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच के साथ बैठक ली। बैठक में मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। इस बैठक में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

-राजेन्द्र राठौड़

प्रदेश के कांग्रेस प्रभारी श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा जी को भारत रत्न का इतिहास देखना चाहिए। देश के दो प्रधानमंत्री ने तो स्वयं को यह पुरस्कार जीते जी दिया था। किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति पर अनर्गल टिप्पणी करने से पहले उन्हें अपना घर संभालना चाहिए।

-सीपी जोशी

प्रेरक प्रसंग

संयम से स्वास्थ्य

भगवान बुद्ध श्रावस्ती के निकट एक गांव में ठहरे हुए थे। एक धनी व्यक्ति उनके दर्शन के लिए पहुंचा। उसने विनम्रता से कहा, 'भगवन, मेरा शरीर अनेक व्याधियों का अड्डा बन चुका है। मुझे रोगमुक्ति का साधन बताने की अनुकंपा करें।' बुद्ध ने कहा, 'प्रचुर भोजन करने से उत्पन्न आलस्य व निद्रा, भोग व अनंत इच्छाओं की कामना, शारीरिक श्रम का अभाव-ये सब रोग पनपने के कारण हैं।

जीभ पर नियंत्रण रखने, संयमपूर्ण सात्विक भोजन करने, शारीरिक श्रम करने, सत्कर्मों में रत रहने और अपनी इच्छाएं सीमित करने से ये रोग स्वतः विदा होने लगते हैं। असीमित इच्छाएं और अपेक्षाएं शरीर को घुन की तरह जर्जर बना डालती हैं।' सेठ ने उनके वचनों का पालन करने का संकल्प लिया। एक महीने में ही वह स्वस्थ हो गया। उसने बुद्ध के पास जाकर कहा, 'शरीर का रोग तो आपकी कृपा से दूर हो गया। अब चित्त का प्रबोधन कैसे हो।' बुद्ध ने कहा, 'अच्छा सोचो, अच्छा करो और अच्छे लोगों का संग करो। विचारों का संयम चित्त को शांति और संतोष देगा।

सामयिक

हेमंत की गिरफ्तारी पर राजनीतिक बवंडर का सच

अवधेश कुमार
मोबाइल : 98110 27208

पद पर रहते हुए प्रवर्तन निदेशालय या ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने वाले हेमंत सोरेन पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। हालांकि उनकी गिरफ्तारी के पहले और मुख्यमंत्री के रूप में चंपई सोरेन के शपथ ग्रहण तक और उसके बाद जिस तरह के राजनीति हुई उसका भी गहराई से विश्लेषण किया जाना जरूरी है। वातावरण ऐसा बनाया गया मानो पूरा राजनीतिक संकट भाजपा, केंद्र सरकार और उसके इशारे पर राज्यपाल ने पैदा कर दिया है। चंपई सोरेन के शपथ ग्रहण के बावजूद विधायकों को हैदराबाद ले जाने का अर्थ क्या है? हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार हुए और उन्हें इसका आभास भी था। बावजूद त्यागपत्र देकर किसी दूसरे को मुख्यमंत्री नहीं बनने दिया। इसका मतलब उनकी पार्टी और गठबंधन में ही द्वंद्व था। उनकी गिरफ्तारी आसानी से हुई भी नहीं। स्वयं को निर्दोष साबित करने के लिए उन्होंने वीडियो भी जारी किया। गिरफ्तारी के पहले के इस वीडियो संदेश में उन्होंने स्वयं को निर्दोष बताते हुए कहा था कि उन्हें पता है कि ज्यादा समय नहीं मिलेगा।

सच यह है कि उन्होंने ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी से बचने के लिए जितना संभव था वह सब किया। दिल्ली स्थित अपने घर की तलाशी के मामले को उन्होंने अनुसूचित जाति - जनजाति कानून के अंदर रांची में मुकदमा भी ईडी टीम के विरुद्ध दर्ज कर दिया। उस मुकदमे में आरोप लगाया गया कि परेशान करने और छवि खराब करने के लिए तलाशी हुई थी। आखिर रांची और दिल्ली स्थित उनके घर की छापामारी में अनुसूचित जाति जनजाति कानून कहां से आ गया? ईडी की मानें तो उन्होंने गिरफ्तारी टालने का प्रयास किया और गिरफ्तारी मेमो पर भी हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। उन्होंने ईडी के सम्मन के विरुद्ध झारखंड उच्च न्यायालय में भी याचिका दायर की जिसमें कहा कि एजेंसी जांच में मदन मदद न करने के आरोप में गिरफ्तार कर रही है जबकि उच्चतम न्यायालय का आदेश है कि इस आधार पर किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। ईडी का कहना है कि उन्हें 8:30 बजे रात्रि में गिरफ्तारी मेमो दिया गया लेकिन उन्होंने राज्यपाल को त्यागपत्र सौंपने के बाद ही उन्होंने मेमो पर हस्ताक्षर किए।

उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शक्ति के आधार पर स्वयं को बचाने का पूरा प्रयास किया। हेमंत की गिरफ्तारी रांची जमीन घोटाला मामले में हुई है। इसमें ईडी ने उन्हें पूछताछ के लिए 10 सम्मन भेजे। सातवीं बार सम्मन भेजते समय ईडी ने लिखा कि या तो आप पूछताछ के लिए आएं या हम आपके पास पहुंचेंगे। उसके बाद आठवें सम्मन में हेमंत ने ईडी को पूछताछ के लिए समय दिया था। 20 जनवरी को ईडी ने उनसे 7 घंटे तक पूछताछ की। उसके बाद 31 जनवरी को उनसे दोबारा पूछताछ हुई। 29 जनवरी को उनके दिल्ली और झारखंड आवास तथा झारखंड भवन में छापेमारी की गई पर हेमंत कहीं नहीं मिले। ईडी ने उनके घर से एक बीएमडब्ल्यू कर तथा 36 लाख नगद बरामद कर ले जाने की बात कही है। इसके पूर्व साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में भी ईडी ने हेमंत से 17 नवंबर 2022 को 9 घंटे की पूछताछ की थी। इसमें उनसे उनकी पूरी संपत्ति का ब्यौरा मांगा था।

राजद और कांग्रेस सहित कई विपक्षी दल इसे जानबूझकर राजनीतिक प्रतिशोध के लिए बनाया गया फर्जी मामला बता रहे हैं। हेमंत दोषी हैं या नहीं यह तो न्यायालय के फैसले से तय होगा किंतु अभी तक की जांच और सामने आए तथ्य बहुत बड़े भ्रष्टाचार के प्रमाण देते हैं। ध्यान रखिए, रांची में सेना के उपयोग करने लायक 4.55 एकड़ जमीन की गैर कानूनी तरीके से खरीद बिक्री के मामले में दर्ज प्राथमिक से यह जांच शुरू हुई थी। इस मामले को हाथ में लेने के बाद ही ईडी ने जांच आगे बढ़ाई। ईडी ने जिस मामले पर सख्ती की वह रांची के बरियातू थाना क्षेत्र में स्थित अत्यंत महंगी भूमि से संबंधित है। आरोप है कि खरीद- बिक्री में अवैध तरीके इस्तेमाल हुए और दस्तावेजों में हेराफेरी की गई। जांच में पाया गया है कि रांची सहित झारखंड में अनेक जगह भू माफियाओं का एक बड़ा तंत्र काम कर रहा है जो नेताओं, सरकारी अधिकारियों और प्रभावशाली व्यक्तियों की मिल भगत से दस्तावेजों में फेरबदल कर अवैध तरीके से भूमि बेच रहा है। इनमें वह जमीन भी शामिल है जिनकी खरीद बिक्री कानून नहीं हो सकती। हेमंत सोरेन इस मामले में गिरफ्तार होने वाले पहले व्यक्ति नहीं है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी अनेक अधिकारी, दलाल, व्यवसायी आदि गिरफ्तार हुए जिसमें रांची के उपा युक्त रहे छवि रंजन शामिल थे। रांची के बरगे अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के आवास से भारी संख्या में दस्तावेज बरामद हुए। इनके आधार पर प्रेम प्रकाश नामक एक व्यक्ति की भूमिका सामने आई जो हेमंत सोरेन का काफी करीबी था। उसे सत्ता की जानकारी रखने वाले हमेशा सत्ता का दलाल मानते थे। ईडी ने हेमंत की गिरफ्तारी के पहले 41 स्थानों पर छापामारी और पांच जगह पर सर्वे किया। छापेमारी में भू राजस्व विभाग के जाल मोहरे , जाली भू दस्तावेज, धोखेबाजों के बीच अपराध की कमाई के बंटवारे के प्रमाण, धोखाधड़ी करने से संबंधित तस्वीरें तथा अधिकारियों को रिश्वत देने के प्रमाण आदि जुटाए गए।

जो नेता स्वयं भ्रष्टाचार के आरोपों में फंसे हैं या जेल जा चुके हैं वह सब हेमंत सोरेन के साथ खड़े होकर एकता दिखा रहे हैं। निस्संदेह, भारतीय जांच एजेंसियां अपनी शक्ति का दुरुपयोग भी करती रही हैं और सरकारी विरोधियों के विरुद्ध इनका इस्तेमाल भी। किंतु इस मामले के तथ्य जानने के बाद को यह निष्कर्ष नहीं निकलता की हेमंत सोरेन पूरी तरह पाक साफ है और उनकी गिरफ्तारी झारखंड मुक्ति मोर्चा को कमजोर कर सत्ता पाने के लिए की गई है। अगर हेमंत सोरेन को एड शिकायत थी इतने शक्तिशाली नेता के लिए न्यायालय के दरवाजे 24 घंटे खुले रहते हैं। उन्होंने पहले न्यायालय में मामला ले जाने की कोशिश क्यों नहीं की? भाजपा केंद्र के शासन में है तथा झारखंड में मुख्य विपक्ष। ऐसी पार्टी इस तरह की घटनाओं के प्रति आंख मूंद कर चुपचाप नहीं रह सकती। भाजपा की जगह दूसरी पार्टी होती वह भी इसके विरुद्ध अभियान चलाती तथा राजनीति करती। किंतु इस संकट के लिए और राज्यपाल को या भाजपा को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। राजनीतिक संकट केवल इस कारण पैदा हुआ क्योंकि हेमंत सोरेन अंत अंत तक मुख्यमंत्री पद छोड़ने को तैयार नहीं थे। जब उन्हें अपनी गिरफ्तारी का आभास हो गया तभी उन्होंने पहले अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की कोशिश की, लेकिन कहा जा रहा है कि परिवार के अंदर से विरोध होने या फिर पार्टी में भविष्य में बगावत की संभावना को देखते हुए उन्होंने कदम वापस लिया तथा चंपई सोरेन को विधायक दल का नेता चुना गया। उनके पिता है एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन सहित परिवार के लोग ही अगले मुख्यमंत्री के नाम पर एकमत नहीं हो रहे थे।

झारखंड राज्य के रूप में अस्तित्व में आने के साथ ही सरकारों के असमय अंत के लिए कुख्यात है इसलिए भय पैदा हो रहा था कि किसी अन्य के हाथों नेतृत्व सौंपने पर सरकार गिर सकती है। भाजपा के अधिकृत प्रवक्ता स्पष्ट कह रहे थे कि उन्हें जनता ने विपक्ष में बैठने का जनादेश दिया है और उनके पास सरकार बनाने का अंक गणित नहीं है। भाजपा ने सरकार बनाने का दावा भी नहीं किया। पूरा संकट आपकी अपनी भूमिका से हुआ और आप और राज्यपाल भाजपा एवं केंद्र सरकार पर मर है तो इसे कौन स्वीकार करेगा? अगर झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के विधायकों पर पूरी तरह विश्वास होता कि ये नहीं टूटेंगे तो शपथ ग्रहण के बावजूद इन्हें हैदराबाद ले जाने के आवश्यकता पैदा ही नहीं होती।

हेमंत सोरेन पर न्यायालय अंतिम फैसला क्या देता है इसे अभी परे रखते है। यहां इस पर विचार करिए कि जनजाति समाज का एक परिवार आखिर कोई बड़ा व्यावसायिक घराना न होने के बावजूद उतने ही ऊंचे स्तर का जीवन कैसे जीता है? उनके घर, रहन-सहन से लेकर चार्टर प्लेन से चलने आदि उनकी ऐसी संपन्नता के प्रमाण देते हैं जिनके लिए वैध आय दिखा पाना संभव नहीं। झारखंड निर्माण के बाद से ही अपने नेताओं नौकरशा हो सत्ता के दलालों आदि के द्वारा भ्रष्टाचार के इतने काले अध्याय लिख चुका है जिसकी तुलना किसी राज्य से नहीं हो सकती। यह भारतीय राजनीति की त्रासदी है कि जिनने जनजातियों के साथ अन्याय , उनका उत्पीड़न , शोषण दमन की आवाज उठाकर आंदोलन किया, अलग झारखंड के लिए लड़ाइयां लड़ी, उनमें से अनेक या उनके वंशज , रिश्तेदार जहां मौका मिला सत्ता और प्रभाव का इस्तेमाल कर जितना संभव हुआ खुले हाथों से लूटा। जो लोग हेमंत सोरेन को निर्दोष बता रहे हैं उनमें से ज्यादातर स्वयं भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और वह सब झारखंड की आम जनता के साथ धोखा करने वालों के पक्ष में खड़े हैं।

मुद्दा

केजरीवाल के पास ईमानदारी साबित करने का सुनहरा अवसर

आशीष वशिष्ठ
मोबाइल : 99 3624 7777

बीते दिनों अरविंद केजरीवाल के साथ दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने भारतीय जनता पार्टी पर आम आदमी पार्टी के विधायकों को 25 करोड़ का लालच देकर सरकार गिराने का आरोप लगाया है। भाजपा ने इन आरोपों की जांच के लिए दिल्ली पुलिस को शिकायत की है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने केजरीवाल और आतिषी को नोटिस भेजकर बीजेपी पर लगाए गए आरोपों के साक्ष्यों की मांग की है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के समन को पांच बार अस्वीकार कर चुके हैं। यह संविधान को अस्वीकार करना और उसका उल्लंघन करना ही है। ईडी दिल्ली शराब घोटाले के बारे में केजरीवाल से पूछताछ करना चाहती है। लेकिन स्वंय को कट्टर ईमानदारी को प्रमाण पत्र देने वाले कट्टर ईमानदार केजरीवाल जांच का सामना करने की बजाय राजनीतिक प्रपंच कर रहे हैं। केजरीवाल सरकार पर औषधि से लेकर मदिरा तक, शिक्षा से लेकर कक्षा तक और मोहल्ला क्लिनिक के लैब टेस्ट तक में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जब शराब घोटाले के आरोप लगे थे, तब आम आदमी पार्टी ने ईडी की कार्रवाई का समर्थन किया था। मगर केजरीवाल स्वयं ईडी के नोटिस को अस्वीकार कर रहें हैं।

17 नवंबर 2021 को दिल्ली सरकार ने राज्य में नई शराब नीति लागू की। विपक्ष का आरोप है कि नई शराब नीति से जनता और सरकार दोनों को नुकसान हुआ। प्रश्न यह है कि, अगर शराब घोटाले में केजरीवाल का हाथ नहीं है, तो वह क्यों जांच में शामिल होने से घबरा रहे हैं? अगर शराब घोटाला हुआ ही नहीं, तो पॉलिसी में बदलाव क्यों किया और नई नीति क्यों लाई गई? केजरीवाल तो कई बार कह चुके हैं कि प्रधानमंत्री मोदी उनसे डरते हैं, लिहाजा चुनावों में निष्क्रिय करने के मद्देनजर ईडी जांच और जेल के जाल बिछाए जा रहे हैं।

केजरीवाल शराब घोटाले को लेकर स्वयं को निर्दोष मानते हैं, इसलिए घोटालों के आरोपों का स्पष्टीकरण नहीं दे रहे हैं। केजरीवाल के उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया बीते 11 माह से, शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोपों के कारण, कारागार में हैं। उनकी जमानत के तर्क सर्वोच्च न्यायालय तक अस्वीकार कर चुका है। केजरीवाल की पार्टी के ही राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी घोटालों के आरोपों और साक्ष्यों के मद्देनजर कारागार में बंद हैं। यदि इतने महत्त्वपूर्ण साथी कारागार में हैं, तो क्या उन्होंने शराब नीति' का निर्णय स्वयं ही लिया था?

प्रश्न यह भी है कि कैबिनेट की बैठकों की अध्यक्षता किसने की थी? कारागार वाले साथियों ने शराब माफिया के कुछ चेहरों को, जो कारागार में बंद हैं, मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास पर उनसे मिलवाया था, तो उसके प्रयोजन क्या थे? जिस मनी ट्रेल की ओर सर्वोच्च न्यायालय ने भी संकेत किए हैं, क्या मुख्यमंत्री और आप' के राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर केजरीवाल उसमें संलिप्त नहीं थे? आम आदमी पार्टी ये दावा कर रही है कि जो शराब नीति उसने बनाई थी वही हरियाणा में भी चल रही है। लेकिन मोदी सरकार उसे निशाना बना रही है। अगर ऐसा है तो आम आदमी इसका पर्दाफाश क्यों नहीं करती। सिर्फ ये कहने से काम नहीं चलेगा कि मोदी सरकार केजरीवाल सरकार को निशाना बना रही है।

क्या बीजेपी आम आदमी पार्टी को इसलिए टारगेट कर रही है कि ये मोदी सरकार के ख़िलाफ़ बहुत ज्यादा मुखर है, और बड़े ही आक्रामक अंदाज में मोदी और अमित शाह जैसे बड़े नेताओं पर आरोप लगाती है? आम आदमी पार्टी सभी को भ्रष्ट बताती रही है। इनमें राहुल गांधी, शीला दीक्षित, सोनिया गांधी, अदानी और अंबानी सभी शामिल हैं। लेकिन इनके ख़िलाफ़ उसके पास सुबूत कभी नहीं रहे। अब वही आम आदमी पार्टी कह रही है कि बगैर सुबूत के उसके नेताओं को जेल में भरा जा रहा है। लेकिन ये भी सही है कि अगर इन नेताओं के ख़िलाफ़ सुबूत नहीं थे तो अदालतों ये केस इतने दिनों तक कैसे टिकते।

शराब घोटाले में सीबीआई और ईडी अब तक 15 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी हैं। इसमें संजय सिंह, मनीष सिसोदिया, विजय नायर, समीर महेंद्रू, अरुण रामचंद्रन, राजेश जोशी, गोरन्तला बुचिबाबू, अमित अरोड़ा, फ्रांसीसी शराब कंपनी पर्नोड रिकार्ड के महाप्रबंधक बेनॉय बाबू, पी सरथ चंद्र रेड्डी, अरबिंदो फार्मा के पूर्णकालिक निदेशक और प्रमोटर, व्यवसायी अमनदीप धाल और व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली शामिल हैं। इस मामले में एजेंसिया 80 से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी हैं। इनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस नेता के. कविता भी शामिल हैं। कविता तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। केजरीवाल से सीबीआई ने पूछताछ की थी। केजरीवाल ने संविधान की शपथ लेकर पद ग्रहण किया है और ईडी भी संवैधानिक जांच एजेंसी है। विपक्षी होने के मद्देनजर केजरीवाल ईडी के समन को राजनीतिक' करार दे रहे हैं और दिल्ली सरकार अस्थिर करने की साजिश भाजपा पर मढ़ रहे हैं।

अरविंद केजरीवाल और उनके साथी देश भर में घूम-घूमकर अपनी ईमानदारी और दिल्ली मॉडल का प्रचार करते हैं। केजरीवाल स्वयं को और अपने साथियों को कट्टर ईमानादारी' का प्रमाण पत्र बांटते हैं। देश के प्रधानमंत्री से लेकर अन्य राजनीतिक दलों और संस्थाओं पर वो दिनदहाड़े आरोप लगाते हैं, और प्रायः उनके अधिसंख्य आरोप निराधार और तथ्यहीन ही साबित हुए। कई मामलों में उन्होंने बिना शर्त के माफी भी मांगी। बावजूद इसके केजरीवाल और उनके साथी निर्लज्जता की चादर ओढ़कर अपने कुकृत्यों में लिप्त है। आम आदमी पार्टी की असलियत धीरे-धीरे खुलकर सामने आ रही हैं।

बीते दिनों अरविंद केजरीवाल के साथ दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने भारतीय जनता पार्टी पर आम आदमी पार्टी के विधायकों को 25 करोड़ का लालच देकर सरकार गिराने का आरोप लगाया है। भाजपा ने इन आरोपों की जांच के लिए दिल्ली पुलिस को शिकायत की है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने केजरीवाल और आतिषी को नोटिस भेजकर बीजेपी पर लगाए गए आरोपों के साक्ष्यों की मांग की है। मिथ्या आरोप लगाना अरविंद केजरीवाल व आम आदमी पार्टी का चरित्र बन गया है। वह पूर्व में भी कई लोगों से मिथ्या आरोप लगाने में मामले में क्षमा मांग चुके हैं। ताजा घटनाक्रम में भी वह माफी मांगते दिख सकते हैं।ईडी के समन को लगातार अस्वीकार करके केजरीवाल निर्दोष सिद्ध नहीं होंगे। उन पर प्रश्न और आरोप लटके रहेंगे। पिछले दिनों ईडी ने भ्रष्टाचार के मामलों में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया है। सोरेन भी ईडी के समन को लगातार अस्वीकार कर रहे थे। केजरीवाल भी सोरेन की तरह व्यवहार और चालबाजियां कर रहे हैं। लेकिन वो ये भली भांति समझ लें, उनका भी हश्र सोरेन जैसा ही होगा। ईडी ने न्यायालय के द्वार पर दस्तक दी है। जांच एजेंसी को मनी लॉन्ड्रिंग कानून की धारा 45 के तहत केजरीवाल के लिए गैर जमानती वारंट जारी करने का भी अधिकार है, अतः बार-बार समन की अवहेलना करने पर गिरफ्तारी का भी प्रावधान है। क्या केजरीवाल जेल जाने का संकट महसूस कर रहे हैं, इसलिए समन की मंशा पर प्रश्न कर, उन्हें अस्वीकार कर, ईडी के सामने पेश नहीं हो रहे हैं? चूंकि केजरीवाल बार-बार प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के समन को ठुकरा रहे हैं, लिहाजा अंतिम परिणति जेल ही हो सकती है।

बीती 4 जनवरी को अरविंद केजरीवाल ने ईडी के समन के पीछे के छिपी भाजपा के षडयंत्र पर बड़ा खुलासा करते हुए कहाकि, मेरी सबसे बड़ी संपत्ति और ताकत मेरी ईमानदारी है। ये लोग झूठे आरोप लगाकर और फर्जी समन भेजकर मुझे बदनाम और मेरी ईमानदारी पर चोट करना चाहते हैं।'' 16 अप्रैल 2023 को एक प्रेस कांफ्रेंस अरविंद केजरीवाल ने कहा कि, 'मोदीजी अगर मैं बेईमान हूं तो दुनिया में कोई ईमानदार नहीं है।' स्वयं को कट्टर ईमानदार बताने वाले केजरीवाल अपनी ईमानदारी सिद्ध करनी की बजाय राजनीतिक पैंतरेबाजी, कानूनी चालबाजियों और आरोप प्रत्यारोप की राजनीति कर रहे हैं। उन्हें कानून का सम्मान करना चाहिए। देखा जाए तो, ईडी का समन केजरीवाल के पास वो सुनहरा अवसर है, जिसके माध्यम से वह देश के समक्ष अपनी कट्टर ईमानदारी को सिद्ध कर सकते हैं।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

भारत के सभी सैनिकों को 10 मई से पहले वापस भेजा जाएगा : मुइज्जू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

माले। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को कहा कि देश से भारतीय सैनिकों का पहला समूह 10 मार्च से पहले जबकि दो विमानन प्लेटफॉर्म पर तैनात शेष भारतीय सैनिकों को 10 मई तक वापस भेज दिया जाएगा। चीन समर्थक नेता माने जाने वाले मुइज्जू ने संसद में दिए पहले संबोधन में कहा कि उनका मानना है कि मालदीव के नागरिकों का एक बड़ा हिस्सा इस उम्मीद से उनके प्रशासन का समर्थन करता है कि वे देश से विदेशी सेना की मौजूदगी समाप्त कर देंगे। मुइज्जू ने 17 नवंबर को मालदीव के नये राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद भारत से 15 मार्च तक अपने सैन्यकर्मियों को उनके देश से वापस बुलाने का औपचारिक अनुरोध किया था। उन्होंने कहा था कि मालदीव की जनता ने उन्हें नयी दिल्ली से यह अनुरोध करने के लिए मजबूत जनादेश दिया है। पिछले साल सितंबर में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में 45 वर्षीय मुइज्जू ने भारत समर्थक माने जाने वाले इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराया था। मुइज्जू की सरकार पिछली सरकार के दौरान भारत के साथ किए गए 100 से अधिक द्विपक्षीय समझौतों की भी समीक्षा कर रही है।

संसद में बहुमत प्राप्त मुख्य विपक्षी दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने रविवार को घोषणा की थी कि वह इस साल की संसद की पहली बैठक में मुइज्जू के संबोधन का बहिष्कार करेगी।

राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार मालदीव के खोए हुए क्षेत्र को पुनः प्राप्त करेगी, और ऐसे किसी भी समझौते को समाप्त कर देगी जो देश की संप्रभुता को कमजोर कर सकता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने थल, वायु और समुद्री क्षेत्रों को शामिल करते हुए एक व्यापक राष्ट्रीय रक्षा रणनीति बनाने के लिए अपनी आधुनिक सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने की मालदीव की आवश्यकता को स्पष्ट किया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुइज्जू ने संसद को बताया कि भारतीय सैनिकों की वापसी के लिए कूटनीतिक बातचीत जारी है। उन्होंने कहा, हालिया बातचीत के अनुसार, तीन विमानन प्लेटफॉर्म में से एक पर तैनात सैन्य कर्मियों को 10 मार्च 2024 से पहले वापस बुलाया जाएगा। बाकी के दो प्लेटफॉर्म पर तैनात सैन्य कर्मियों को भी 10 मई 2024 तक वापस बुलाया जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सरकार ने आधिकारिक तौर पर सूचित किया है कि वह दूसरे देशों को मालदीव के महासागरों और समुद्र तटों को मापने और मानचित्र बनाने की अनुमति देने वाले समझौते को नवीनीकृत नहीं करेगी।

भारत, चीन के बीच मजबूत आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध हैं : चीनी दूत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई। मुंबई में चीन के महावाणिज्यदूत कोंग शिन्हुआ ने कहा है कि चीन और भारत के लोगों के बीच आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंध बहुत मजबूत हैं और कोई भी उन्हें अलग नहीं कर सकता। कोंग ने शुक्रवार को मुंबई में चीन के नववर्ष समारोह और चीनी सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर यह बात कही।

उन्होंने कहा कि 2023 चीन और भारत दोनों के लिए उपलब्धियों भरा साल रहा। उन्होंने कहा, हमारे लोगों के बीच व्यापक सहयोग से यह संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि 2023 में चीन-भारत व्यापार 136.2 अरब डॉलर से अधिक हो गया।

उन्होंने कहा कि भारत में चीनी दूतावास और महावाणिज्य दूतावास ने पिछले वर्ष 1.8 लाख से अधिक वीजा जारी किए हैं, जो कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के बाद चीन जाने वाले भारतीयों की संख्या में बढ़ोतरी को दर्शाता है।

कोंग ने कहा, हमने मुंबई में पहली बार चीनी दक्षता प्रतियोगिता आयोजित की, जिससे भारतीय युवाओं को चीनी भाषा सीखने के लिए प्रेरणा मिली। इन आयोजनों ने मेरी यह धारणा और गहरी हो गई कि हमारे लोगों के बीच आर्थिक व सांस्कृतिक संबंध इतने मजबूत हैं कि कोई भी हमें अलग नहीं कर सकता।

संसद भवन जाते

नई दिल्ली में सोमवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सोमवार को नई दिल्ली स्थित संसद भवन पहुंचे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी का सोमवार को रांची में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान उनके आवासीय कार्यालय में हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इमरान खान और कुरैशी को हाई-प्रोफाइल कैदी का दर्जा, जेल में करना होगा काम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इस्लामाबाद।पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को हाई-प्रोफाइल कैदी होने के बावजूद जेल परिसर में सश्रम कारावास भुगतना होगा। मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। दोनों नेताओं को एक विशेष अदालत ने सिफर मामले में 10 साल की जेल की सजा सुनाई थी और उन्हें रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में रखा गया है जहां उनके खिलाफ मुकदमा चला था। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की खबर के अनुसार, 71 वर्षीय खान और 67 वर्षीय कुरैशी को हाई-प्रोफाइल कैदियों के तौर पर अलग-अलग रखा जा रहा है क्योंकि उनमें से एक पूर्व प्रधानमंत्री जबकि दूसरे विदेश मंत्री रह चुके हैं। खान अपनी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष हैं जबकि कुरैशी पार्टी के उपाध्यक्ष हैं।

इसमें कहा गया है कि दोनों नेता एक बेहतर श्रेणी की जेल में कैदियों को दी जाने वाली उन सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं, जो उन्हें दोषी ठहराए जाने से पहले मिलती थीं, जिसमें व्यायाम मशीन तक पहुंच भी शामिल है।

सूत्रों के मुताबिक, दोनों को जेल नियमावली के मुताबिक दो जोड़ी जेल वर्दी दी गई हैं। हालांकि पीटीआई के संस्थापक अध्यक्ष खान पर अन्य मामलों में मुकदमा चल रहा है, इसलिए उनके लिए जेल की वर्दी पहनना अनिवार्य नहीं किया गया है। दोनों कैदी लिखित आदेश के अनुसार (जेल) परिसर में श्रम भी करेंगे।

पूनम पांडे हो गईं परेशान, कहा- मुझे मार डालो, मुझे सूली पर चढ़ा दो...

मुंबई/एजेन्सी

सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरुक करने के लिए अपनी 'मौत' की फर्जी खबर फैलाने को लेकर आलोचना का शिकार हो रही मॉडल और एक्ट्रेस पूनम पांडे ने एक बार फिर इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है और कहा मुझे मार डालो, मुझे सूली पर चढ़ा दो, मुझसे नफरत करो, लेकिन, जिसे तुम प्यार करते हो, उसे बचाओ। श्बांग नाम की मार्केटिंग एजेंसी, जो पांडे के साथ मिलकर इस अभियान को चला रही थी, ने भी माफी जारी करते हुए कहा, हां, हम हाउटरफ्लाई के साथ मिलकर सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए पूनम पांडे की पहल में शामिल थे। शुरुआत करने के लिए हम दिल से माफी मांगना चाहेंगे। विशेष रूप से उन लोगों के प्रति जो किसी भी प्रकार के कैंसर की कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं या उनके प्रियजन कर रहे हैं। हाउटरफ्लाई एक लाइफस्टाइल और एंटरटेनमेंट पोर्टल है, जो

मिलेनियल विमेन को लक्षित करता है।

नाटकीय घोषणा को समझाते हुए, जिसे कई लोगों ने सस्ते पीआर स्टंट के रूप में देखा, पांडे की एजेंसी द्वारा जारी बयान में कहा गया, हमारा एक्शन एकमात्र मिशन था कि सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरुकता बढ़ाना। साल 2022 में भारत में 1,23,907 सर्वाइकल कैंसर के केस और 77,348 मौतें दर्ज की गई। ब्रेस्ट कैंसर के बाद सर्वाइकल कैंसर भारत में मध्यम आयु वर्ग की महिलाओं को प्रभावित करने वाली दूसरी सबसे ज्यादा घातक बीमारी है। आप में से बहुत से लोग अनजान हो सकते हैं, लेकिन, पूनम की अपनी मां ने कैंसर से बहादुरी से लड़ाई लड़ी है।

इतने करीब से इसे देखने और पर्सनल लाइफ में इस तरह की बीमारी से लड़ने की चुनौतियों से गुजरने के बाद पूनम रोकथाम के महत्व और जागरुकता की गंभीरता को समझती हैं। खासकर जब वैक्सीन मौजूद हो।

यह दावा करते हुए निष्कर्ष निकाला गया,इस देश के इतिहास में यह पहली बार है कि 'सर्वाइकल कैंसर' शब्द 1,000 से ज्यादा हेडलाइन में है।

यह दोहराते हुए कि इस पहल के कारण जिन लोगों को ठेस पहुंची है, उनसे वह माफी मांगती है, एजेंसी ने कहा, हम समझते हैं कि हमारे तरीकों ने अप्रोच के बारे में बहस छेड़ दी होगी। हमें किसी भी परेशानी के लिए खेद है, लेकिन अगर इस कदम के बाद बहुत जरूरी जागरुकता फैलती है और मौतों को रोका जा सकता है, तो ये इसका वास्तविक प्रभाव होगा।

'मर्डर मुबारक' ओटीटी पर होगी रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

सारा अली खान, विजय वर्मा, करिश्मा कपूर, पंकज त्रिपाठी, डिंपल कपाड़िया और संजय कपूर स्टारर फिल्म 'मर्डर मुबारक' के निर्माताओं ने सोमवार को घोषणा की, कि फिल्म 15 मार्च से ओटीटी पर स्ट्रीम होगी। सस्पेंस, कॉमेडी और रोमांस के मिश्रण के साथ रहस्य शैली में एक नया मोड़ लाते हुए, 'मर्डर मुबारक' होमी अदजानिया द्वारा निर्देशित और मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित है। यह फिल्म अनुजा चौहान की 'क्लब यू टू डेथ' का एक उल्लेखनीय बुक-टू-स्क्रीन रूपांतरण प्रस्तुत करती है। एक्टर पंकज त्रिपाठी पुलिस वाले की भूमिका निभा रहे हैं। वह दिल्ली में एक मर्डर की तहकीकात करते हैं और पाते हैं कि जैसा दिखता है, उससे वहां कहीं अधिक है। निर्माताओं ने फिल्म की रहस्यमयी दुनिया की झलक दिखाने वाला एक छोटा सा वीडियो जारी किया है।

वीडियो में पंकज त्रिपाठी को यह कहते हुए सुन सकते हैं, ''जो कत्ल करते हैं, वो दिखते कैसे हैं, जैसे साउथ दिल्ली की कोई शहजादी (सारा का किरदार) या चांदनी चौक का तबाहदिल आशिक (विजय का किरदार), सस्पेंस फिल्मों की पुरानी कोई ड्रीम गर्ल (करिश्मा कपूर का किरदार) या कोई रंगीली-सरफिरी सी आर्टिस्ट (डिंपल कपाड़िया का किरदार)... वो जिसके रग-रग में शाही खून बहे (संजय कपूर का किरदार) या कोई गॉशिप की तितली (टिस्का चोपड़ा का किरदार) या पार्टियों का मच्छर (सुहैल नैय्यर का किरदार)।'' उन्होंने आगे कहा, ''असल में ज्यादातर कातिल दिखने में दरिंदे नहीं होते, वे सामान्य रूप से पुरुष और महिलाएं हैं। आपके... मेरे जैसे.. हो सकता है बगल में बैठे मन ही मन मुस्कुरा रहे हो। खुद को बधाइयां दे रहे कि भई मर्डर मुबारक हो।'' फिल्म को लेकर निर्देशक होमी ने कहा कि 'मर्डर मुबारक' अलग पीढ़ियों के उन कलाकारों को एक साथ पेश करती है, जिन्हें दर्शकों ने अलग-अलग जॉनर और मिजाज की फिल्मों में देखा है। यह एक रंगों से भरी मर्डर मिस्ट्री है, जिसमें आपको क्लू ढूंढने में मजा आएगा।

मैडॉक फिल्म्स के निर्माता, दिनेश विजन ने साझा किया, ''यह छठा प्रोजेक्ट है जिसमें डायरेक्टर होमी और मैं काम कर रहे हैं। मैं एक अनोखी मनोरंजक कहानी ढूंढकर आगे बढ़ना चाहता था और फिर ऐसा हुआ। इसके अलावा, इस तरह के एक विविध समूह के साथ एक ऐसी स्क्रिप्ट को जीवंत करना जो मेरे द्वारा पढ़ी गई सबसे विचित्र और अधिक मनोरंजक हत्या के रहस्यों में से एक है, मेरे लिए बहुत रोमांचक था।'' 'मर्डर मुबारक' का प्रीमियर 15 मार्च को नेटफ्लिक्स पर होगा।

'क्रश्ड सीजन 4' का ट्रेलर जारी

मुंबई/एजेन्सी

रुद्राक्ष जयसवाल, आध्या आनंद, नमन जैन, अर्जुन देशवाल-स्टारर 'क्रश्ड' के निर्माताओं ने सोमवार को टीनएजर ड्रामा सीरीज के चौथे और फाइनल सीजन के ट्रेलर का अनावरण किया, जो भावनाओं और मूल्यवान जीवन सबक प्रदान करेगा। पिछले तीन सीजन की सफल यात्रा के बाद, सीजन 4 इस यात्रा के समापन का प्रतीक होगा। 1.29 मिनट का ट्रेलर सैम की अप्रत्याशित वापसी पर केंद्रित, आध्या और उसके दोस्त की रोमांचक यात्रा की एक झलक पेश करता है। ट्रेलर लखनऊ सेंट्रल कॉन्वेंट के छात्रों के जीवन में प्रवेश करता है। वे स्कूली जीवन की रोलर-कोस्टर यात्रा की खोज करते हैं, सीखते हैं और अनुभव करते हैं। जैसे ही हमारे टीनएजर नए एकेडमिक ईयर में कदम रखते हैं, आध्या के जीवन में चीजें बदल जाती हैं।

स्कूल के दिनों को याद करते हुए, आध्या, जैस्मीन और जोया की दोस्ती की समय के साथ परीक्षा होती है, जबकि प्रतीक और साहिल स्कूली जीवन की नई गतिशीलता को अपनाते हुए चुनौतियों का सामना करते हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या सैम जीवन की परीक्षा जीतता है और अपना प्यार वापस पाता है, या क्या आध्या अपनी मिश्रित भावनाओं को पीछे छोड़कर आगे बढ़ती है।

अमेजन मिनीटीवी के कंटेंट हेड अमोघ दुसाद ने कहा, सीरीज के पात्र, कहानी और पुरानी यादें दर्शकों को जीवंत बनाती हैं और हमें यकीन है कि इस सीजन को पिछले सीजन की तरह ही प्यार और प्रशंसा मिलेगी।

चौथे सीजन के बारे में, रुद्राक्ष ने कहा, ''हम सभी शायद अपने जीवन में कम से कम एक बार सैम रहे हैं, जहां हम किसी के प्यार में पागल हुए हैं। यही बात इस किरदार को हर किसी के लिए इतना प्यारा बनाती है। मैं इस सीरीज से जो कुछ वापस ले सकता हूं, वह यह है कि, यदि आप किसी से प्यार करते हैं तो उसे कहें, कबूल करें, प्रयास करें, और प्रयास जारी रखें और सुनिश्चित करें कि आप कभी भी इससे बाहर न निकलें।'' डाइस मीडिया द्वारा निर्मित, 'क्रश्ड सीजन 4' में उर्वी सिंह और अनुप्रिया कैरोली भी शामिल हैं। 'क्रश्ड' का फाइनल सीजन 9 फरवरी से अमेजन मिनीटीवी पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगा।

'बेबी जॉन' का फर्स्ट लुक आया सामने, 31 मई को होगी रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

अभिनेता वरुण धवन की एक्शन एंटरटेनर 'बेबी जॉन' का पहला लुक जारी कर दिया गया है। यह फिल्म 31 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने फिल्म के फर्स्ट लुक के साथ उसका शीर्षक और रिलीज डेट की घोषणा की। रोमांचकारी शीर्षक से फिल्म की एक दिलचस्प झलक सामने आती है। ए. कालीस्वरन द्वारा निर्देशित फिल्म का शीर्षक 'बेबी जॉन' है। यह एक्शन एंटरटेनर कहानी शक्तिशाली प्रदर्शन और हाई-ऑक्टेन स्टंट दृश्यों के साथ सिने प्रेमियों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है। यह फिल्म कीर्ति सुरेश की हिंदी फिल्म की शुरुआत है

इसमें वामिका गब्बी भी हैं, जो सिल्वर स्क्रीन पर अपनी शुरुआत कर रही हैं। इस एक्शन एंटरटेनर में जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव भी शामिल हैं। 'बेबी जॉन' में एस थमन ने संगीत दिया है। बेबी जॉन' जियो स्टूडियोज एटली और सिने1 स्टूडियोज का सहयोग है। एप्पल स्टूडियोज और सिने1 स्टूडियोज प्रोडक्शन के लिए इस फिल्म का निर्माण मुराद खेतानी प्रिया एटली और ज्योति देशपांडे ने किया है।

अक्षय कुमार का गाना 'शंभू' रिलीज

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार का नया गाना शंभू रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार ,फिलहाल, फिलहाल 2 और क्या लोगे तुम के बाद एक बार फिर म्यूजिक वीडियो लेकर आये हैं। अक्षय कुमार का नया गाना 'शंभू' रिलीज हो गया है।इस गाने में अक्षय कुमार ने अभिनय के साथ पार्श्वगायन भी किया है।अक्षय कुमार के को-सिंगर सुधीर यदुवंशी और विक्रम मोंट्रोस हैं। इस म्यूजिक वीडियो को गणेश आचार्य ने निर्देशित किया है। इस गाने के लिरिक्स अभिनव शेखर ने लिखा है, जबकि कंपोजर विक्रम मोंट्रोस हैं। 'शंभू' गाना में अक्षय कुमार, महादेव के अवतार में नजर आ रहे हैं।

मेरी पहली सैलरी 50 रुपये थी : रूपाली गांगुली

मुंबई/एजेन्सी

अपने समय के बेहतरीन निर्देशकों में शामिल रहे निर्देशक अनिल गांगुली की बेटी रूपाली गांगुली इन दिनों अपने टीवी शो अनुपमा को लेकर बहुत चर्चाओं में हैं। रूपाली के पिता अनिल गांगुली फिल्में बनाते थे और एक समय ऐसा आया जब उनकी फिल्में फ्लॉप होने लगीं, उस दौर में रूपाली ने घर में मुश्किलें देखीं। टीवी एक्ट्रेस रूपाली गांगुली आज जाना-पहचाना नाम हैं। वो टीवी की टॉप एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शुमार हैं। रूपाली का शो अनुपमा घर-घर में पसंद किया जाता है। शो टीआरपी रेटिंग्स में भी टॉप रहता है। आज रूपाली सक्सेस एंजॉय कर रही हैं। हालांकि, एक वक्त ऐसा भी था जब रूपाली को काफी स्ट्रगल करना पड़ा। रूपाली ने स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए बताया- 'मेरे पापा की फिल्में जब फ्लॉप हुईं तो हमने मुश्किल वक्त देखा और हमारे पास जो भी था वो बिक गया था। घर और जूलरी बिक गई थी।' इसके अलावा उन्होंने बताया कि वो वर्ली से पृथ्वी थिएटर (15 किलोमीटर) तक चलकर जाती थी। स्ट्रेस की वजह से उनके पिता की तबियत खराब होने लगी और उन्हें डायबिटीज हो गई थी।

रूपाली ने अपनी थिएटर में एंट्री को लेकर बताया- मेरा पहला प्ले पृथ्वी थिएटर में -ींरज्ञरींहर था। इसे दिनेश ठाकुर ने प्रोड्यूस किया था। मैंने अपनी थिएटर जर्नी वहां से शुरू की थी। मुझे पहले प्ले के 50 रुपये मिले थे और कभी-कभी समोसा भी मिल जाता था। ये बहुत सारा पैसा था। रूपाली के करियर की बात करें तो उन्होंने फिल्मों से शुरुआत की। वो फिल्म साहब, मेरा यार मेरा दुश्मन, बलिदान, दो आंखें 12 हाथ, अंगारा जैसी फिल्मों में दिखीं, लेकिन रूपाली का करियर फिल्मों में चला नहीं। 2000 में एक्ट्रेस ने टीवी इंडस्ट्री में कदम रखा। वो सुकन्या में नजर आईं। इसके बाद उन्होंने दिल है कि मानता नहीं, जिंदगी...तेरी मेरी कहानी, संजिवनी, भाभी, कहानी घर-घर की जैसे शोज किए. उनके शो साराभाई वर्सेज साराभाई को काफी पसंद किया गया। 2011 में वो शो परवरिश में नजर आईं। इस शो को भी फैंस ने पसंद किया। इसके बाद रूपाली ने 2013 में एक शो इळीलेशि होस्ट किया। फिर वो लंबे समय तक टीवी पर नजर नहीं आईं। 2020 में उन्होंने अनुपमा से वापसी की और जबरदस्त हिट हो गईं। इस शो में रूपाली गांगुली लीड रोल अनुपमा का किरदार निभा रही हैं।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जिस प्रकार फूलों में सर्वश्रेष्ठ गुलाब होता है वैसे ही गुरुओं में भी सर्वश्रेष्ठ है गुरु राजेन्द्रसूरीश्वरजी। गुरु का उपकार जिस पर हो जाता है उसका कल्याण हो जाता है। गुरु हमेशा पुण्य से व पुण्यशाली को मिलते हैं और जिसको भी मिलते है उसका जीवन सफल हो जाता है। राजेन्द्र सूरी ने जिनशान के लिए अनेक कार्य किए तथा उन्हें अनेक पदवियों से नवाजा गया परन्तु उन्होंने कभी की पद व पदवी को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। राजेन्द्र सूरी एवं सरल व तपस्वी संत थे।

कैंसर जांच शिविर का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। राजस्थान यूथ एसोसिएशन (आरवाइए) कॉस्मो फाउण्डेशन के तत्वावधान में ओटेरी स्थित मनोहरराज कमलाकंवर कांकरिया केंसर डिटेक्शन सेंटर में निःशुल्क केंसर जांच शिविर का आयोजन किया है। शिविर में महिलाओं के लिए पेप स्मीयर और मेमो-ग्राम सहित 116 व्यक्तियों की जांच की गई। शिविर में टीम एलेक्सा के चिकित्सकों ने योगदान दिया।

शिविर में टीम एलेक्सा शिविर संपत राज गुंदेचा की स्मृति में पतासकंवर, मदनलाल, पारसमल, सुरेश, संजय गुंदेचा परिवार के अर्थ सौजन्य से आयोजित किया गया।

इस मौके पर अभय लोढ़ा, रंजीत गादिया, सुरेश संचेती, महेंद्र पुंगलिया, पारस बाफना, निर्मल रांका, सौरभ बाफना, अरुण बोहरा, विनोद भूतोरिया, संभव विनायकिया, नरेंद्र बोकड़िया और विनोद छाजेड़ उपस्थित रहे।

संतों के प्रवेश से सुमतिनाथ जैन मंदिर सह दादावाड़ी का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रारंभ

आचार्यश्री जिनमणिप्रभसूरी व विमलसागरसूरी आदि साधु साध्वियों ने किया प्रवेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के मागड़ी रोड स्थित सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ में सुमतिनाथ जिनालय सह दादावाड़ी, गुरु मंदिर अंजनशलाका प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव व भागवती दीक्षा महोत्सव का शुभारंभ प्रतिष्ठा निश्रादाता खरतरगच्छाधिपति आचार्यश्री जिनमणिप्रभसूरीजी आदि साधु साध्वियां तथा सान्निध्यता प्रदान करने आ रहे आचार्यश्री विमलसागरसूरीश्वरजी आदि साधु साध्वियां का मंगल प्रवेश से हुआ। सुबह 7.15 बजे मागड़ी रोड मंदिर में संतों का मंगल प्रवेश हुआ।

महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर संतों का स्वागत किया तथा विशेष रंगोली बनाई। संतों ने मंदिर में प्रवेश कर प्रभु प्रतिमा के दर्शन किए। मंदिर प्रवेश के बाद बापूजी विद्यार्थी निलया में बने कृत्रिम कौशल्यानगरी में मंगल प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां सहसचिव जगदीश गोगड़ ने संतों व उपस्थित श्रावक श्राविकाओं का स्वागत करते हुए प्रतिष्ठा महोत्सव की जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए सचिव इन्दरचन्द गादिया ने बताया कि आज से प्रारंभ होने वाले इस प्रतिष्ठा महोत्सव में 8 से 10 फरवरी तक पंचकल्याणक स्टेज कार्यक्रम होंगे। भव्य दीक्षा कल्याणक एवं वरघोड़ा 10 फरवरी को तथा प्रतिष्ठा महोत्सव 11 फरवरी को आयोजित है। इस मौके पर संतों के मंगलप्रवेश पर महिलाओं व बालक बालिकाओं ने स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत किए। आचार्यश्री विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि प्रतिष्ठा महोत्सव बहुत ही पुण्यों के फल से प्राप्त होता है। अरिहंत प्रभु का आलम्बन लेकर हमें अपने कर्मों का क्षय करते हुए जीवन को सफल बनाना चाहिए। प्रतिष्ठा महोत्सव में प्रभु को मंदिर के साथ साथ अपने मन में भी स्थापित करना चाहिए। आचार्यश्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी ने कहा कि हम सभी को प्रतिष्ठा महोत्सव में तन-मन-धन से जुड़ना ही है साथ ही स्वयं को समर्पित करके प्रभु भक्ति में जुड़ना है।

यह प्रतिष्ठा केवल पाषाण प्रतिमा की प्रतिष्ठा नहीं अपितु अपने मन के भावों को भी प्रतिष्ठित करने के लिए है इसलिए हम सभी को इसका पूरा लाभ उठाना चाहिए। इस मौके पर बड़ी संख्या में पुरुष व महिला श्रद्धालु उपस्थित थे। मागड़ी रोड जैन संघ के अध्यक्ष प्रतापसिंह मेहता, उपाध्यक्ष धर्मचन्द सुराणा, सहसचिव भरत पालरेचा, ट्रस्टी नरेन्द्र मेहता, आनंद मेहता, राहुल बाफना, राजेशकुमार जैन व मुन्नालाल सिंघवी, विजय समदड़िया, रुपचन्द कर्नावट, मुकेश गोगड़, किरण गादिया आदि सदस्य उपस्थित थे।

जैन मंदिर व दादावाड़ी में ध्वजारोहण व बाफना दम्पति की मूर्ति स्थापना सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

गदग। स्थानीय पार्श्वनाथ जैन मंदिर एवं दादावाड़ी श्री पार्श्व कुशलधाम का 17वां ध्वजारोहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर मोतीलाल छगनमल बाफना परिवार द्वारा स्व. मुथा मिश्रीमल-बक्षुदेवी बाफना की मूर्ति विराजमान किया गया। बाफना निवास से शोभायात्रा निकाली गई तथा मंदिर पहुंचकर बाफना परिवार द्वारा तथा रणजीत गुरुजी के मार्गदर्शन में सत्तरभेदी पूजा आयोजित हुई तथा मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर जवाहर, भवरलाल बाफना परिवारजनों ने भक्तिभाव से नृत्य किया। इस मौके पर श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर एवं दादावाड़ी के अध्यक्ष मनोज बाफना, गदग समाज के वरिष्ठ सदस्य राणमल सोलंकी, शान्तिलाल बंदा, जवाहर बाफना, भवरलाल बाफना, रूपचंद पालरेचा सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य व वीर बालिका मंडल के सदस्य उपस्थित थे। मुथा मिश्रीमल पिराजी बाफना परिवार द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया।

संयम स्वीकार कार्यक्रम के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ अन्नदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हासन। शहर के आदिनाथ जैन श्वेताम्बर संघ में विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि सूर्योदय से पहले जिस घर में झाड़ू लग जाए, घर का मुख्य दरवाजा खुल जाए, खिडकियां खुल जाए और सूर्य का पहला प्रकाश यदि घर में आ जाए तो उसके घर में सुख समृद्धि की कभी कमी नहीं हो सकती।

पहला काम हमारा नवकार का स्मरण, भगवान का स्मरण होना चाहिए जब जागे तब भगवान का नाम मन मस्तिक और जबान पर होना चाहिए। मुमुक्षु तनुष कुमार के संयम स्वीकार महोत्सव के उपलक्ष्य में तीन दिनी अन्नदान कार्यक्रम गतिमान है।

जागरुकता रैली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

बेंगलूरु के नित्य नृत्य डांस स्कूल द्वारा पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए साइकिल रैली का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थी पर्यावरण रक्षा के संदेश लिखित तख्तियों के साथ साइकिल चलाते हुए विजयनगर के विभिन्न मार्गों से नारे लगाते हुए गुजरे तथा पर्यावरण के प्रति जागरुकता फैलाई। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने पर्यावरण के प्रति जन जागृति कार्यक्रम की सराहना की।

निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 200 लोग हुए लाभान्वित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सेवा ब्रिगेड फाउंडेशन, वैशाली जनकल्याण समिति, आशा हॉस्पिटल्स रिसर्च सेंटर के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। सेवा ब्रिगेड के अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने बताया कि शिविर में करीब 200 लोगों ने रक्तचाप, शर्करा, बीएमडी, ईसीजी, आर्थोपेडिक व अन्य स्वास्थ्य परामर्श, दंत जांच, यूरिन टेस्ट, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, त्वचा जांच परामर्श आदि की जांच करवाई। शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बेंगलूरु विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष राकेशसिंह ने किया। स्वर्गीय कृष्णा पांडे की स्मृति में आयोजित इस शिविर में सेवा देने वाले समिति के सदस्य राजकुमार शर्मा, पंकज सिंह, धीरेंद्र सिंह व रिसर्च सेंटर के डॉ. श्रीनाथ और सुभाषिनी सत्यनारायण को धन्यवाद दिया गया। इस मौके पर फाउंडेशन के अनेक सदस्यों ने शिविर में व्यवस्थाओं में सहयोग दिया।

तेरापंथ महिला मंडल राजाजीनगर ने किया कैंसर जांच शिविर का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ महिला मंडल राजाजीनगर के तत्वावधान में कैंसर डे के उपलक्ष्य में स्तन कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन श्रीरामपुरम आचार्य महाश्रमण फिजियोथेरेपी सेंटरमें किया गया।

अध्यक्षा उषा चौधरी ने सभी का स्वागत किया। शंकरा कैंसर अस्पताल से डॉ. सुनीता भोंसले, डॉ. दीपिका, डॉ. सूर्यकांत जयसिंह और उनकी टीम ने शिविर को सुनियोजित तरीके से पूरा किया। डॉ. दीपिका ने कैंसर के लक्षण और उससे बचाव के उपाय बताए। डॉ. सुनीता ने घर पर कैंसर की सुरक्षित जांच के बारे में जानकारी दी। डॉ. सूर्यकांत जी ने सभी को कैंसर के उपचार के विभिन्न प्रकारों और चरणों के बारे में जानकारी दी। शिविर में विभिन्न महिलाओं ने कैंसर जांच करवाई। शंकरा कैंसर हॉस्पिटल से आए डॉक्टरों ने मंडल के काम की सराहना की शिविर के प्रायोजक मीठालाल ललितकुमार नरेंद्रकुमार मांडोत परिवार थे। तेरापंथ सभा के उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, तेयुप के उपाध्यक्ष राजेश देरासरिया और उनकी टीम उपस्थित थे। शिविर की की संयोजिका चंदा मेहता, सहसंयोजिका भावना पोरवाल और कन्यमंडल की कन्याओं ने शिविर की व्यवस्थाएं संभाली। कार्यक्रम का संचालन मंत्री लता नवलखा ने किया।

कर्नाटक प्रांतीय मायुम के खेल महोत्सव में दिखा उत्साह

कर्नाटक की विभिन्न शाखाओं ने लिया भाग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच (मायुम) द्वारा प्रांत स्तरीय खेल महोत्सव का आयोजन एचएसआर लेआऊट व सरजापुर रोड स्थित खेल मैदानों में आयोजित हुआ। प्रांतीय खेल संयोजक प्रकाश केडिया ने बताया कि खेल महोत्सव के पहले दिन बैडमिंटन सिंगल्स, बैडमिंटन डबल्स, टेबल टेनिस सिंगल्स पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए आयोजन किया गया। बैडमिंटन डबल्स में स्टार्स शाखा से संदीप चनानी एवं विकाश चौधरी विजेता तथा सेंट्रल शाखा से शुभम अग्रवाल एवं मुदित बथवाल उपविजेता रहे। बैडमिंटन सिंगल्स महिला वर्ग में बेंगलूरु शाखा से ज्योति मोदी, पुरुष वर्ग में बेंगलूरु सेंट्रल शाखा से शुभम अग्रवाल विजेता तथा महिला वर्ग में बेंगलूरु स्टार्स शाखा की हर्षिता झुझुनवाला तथा पुरुष वर्ग में बेंगलूरु स्टार्स शाखा के विकाश चौधरी उपविजेता रहे। सह खेल संयोजक असित अग्रवाल ने बताया कि टेबल टेनिस सिंगल्स में बेंगलूरु सेंट्रल शाखा से रचित अग्रवाल विजेता तथा बेंगलूरु स्टार्स शाखा से पुनीत कंदोई उपविजेता रहे।

खेल महोत्सव के दूसरे दिन मुख्य रूप से कर्नाटक प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच क्रिकेट प्रीमियर लीग, चैस और कैरम टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। चैस टूर्नामेन्ट में बेंगलूरु स्टार्स शाखा से अंकितकुमार गुप्ता अव्वल रहे तो वही बेंगलूरु सेंट्रल शाखा से विनय हेमानी रनरअप रहे। कैरम टूर्नामेंट के सह संयोजक मनीष गोल्यान एवं आशीष फिटकरीवाला ने बताया की कैरम डबल्स में बेंगलूरु स्टार्स शाखा से मेघा टिबड़ेवाल एवं आरती अग्रवाल विजेता तथा बेंगलूरु शाखा से रवि खिरोरिया एवं उदित सोनी उपविजेता रहे। कैरम सिंगल्स में बेंगलूरु स्टार्स शाखा से अमित अग्रवाल विजेता और रवि खिरोरिया उप विजेता रहे । प्रांतीय महामंत्री मोहित शर्मा ने बताया की क्रिकेट प्रीमियर लीग में मंच की बेलगावी शाखा ने खिताब जीता तथा बेंगलूरु शाखा उपविजेता रही। मैन ऑफ दि मैच स्टार्स शाखा से प्रकाश केडिया,बेंगलूरु शाखा से गगन लोहिया एवं प्रतीक चोकरा, बेलगावी शाखा से सतीश सिंह भायल एवं कमलेश राजपुरोहित रहे तो वही मैन आफ दि सीरीज बेंगलूरु शाखा से गगन लोहिया रहे। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बेलगावी शाखा के सतीश सिंह भायल और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बेंगलूरु शाखा के प्रतीक चोकरा रहे।

प्रांतीय अध्यक्ष नितेश टिबड़ेवाल ने बताया कि सभी विजेताओं व उपविजेताओं को ट्रॉफी व पदक दिए गए। इस मौके पर विभिन्न सभा संस्था के पदाधिकारी उपस्थित थे। मुख्य खेल संयोजक प्रकाश केडिया ने बताया कि कार्यक्रम में सभी सहयोगियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अन्त में प्रांतीय महामंत्री मोहित शर्मा ने धन्यवाद दिया ।

संगीतमय सुन्दरकांड पाठ में उमड़े श्रद्धालु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय मारुति भक्त मंडल की ओर से रविवार को मारुतिनगर के मालू भवन में संगीतमय सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया गया। मंडल के सम्पत गुलगुलिया ने ध्वजा चढ़ाकर बालाजी भगवान की ज्योत प्रज्वलित की।

गिरिराज मालू ने विधि विधान से पूजा की। पंडित शंभुदयाल पारीक के नेतृत्व में संगीतमय सुन्दरकांड पाठ किया गया तथा देर रात तक भजनों की बयार बहती रही। इस अवसर पर ललित सेठिया, विमलेश जोशी, पारसमल दक, महेश सोमानी, बाबूलाल भूरा, प्रेम गुलगुलिया आदि उपस्थित थे। बाबा के दरबार में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Aditya at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.